# यश भारत

नये जमाने के साथ..

• वर्ष- 17 अंक 75 • कटनी • मंगलवार, 18 अप्रैल, 2023 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • वैशाख मास कृष्ण पक्ष 12 • विक्रम संवत् 2080 शके 1935


### लखनऊ और चेन्नई के मैच शेड्यूल में हुआ बदलाव, 4 मई की जगह 3 मई को होगा मुकाबला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** IPL के 16वें सीजन के 46वां मैच के शेड्यूल में बदलाव किया गया गया है। यह मैच लखनऊ सुपर जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होना है। IPL प्रशासन की ओर से जारी किए गए बयान में कहा है कि लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में 4 मई खेले जाने वाला मैच 3 मई को होगा। यह बदलाव 4 मई को लखनऊ में होने वाले मेयर चुनाव को देखते हुए किया गया है। वहीं मैच के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मैच पहले की तरह ही निर्धारित समय दोपहर साढ़े तीन बजे से ही शुरू होगा।

### सूडान में सेना और अर्धसैनिक बल आपस में भिड़े, 200 लोगों की मौत,1800 से अधिक घायल

**खार्तूम, एजेंसी।** सूडान में सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच लगातार तीसरे दिन जारी संघर्ष में अब लगभग 200 लोगों की मौत हो गई और 1800 से अधिक लोग घायल हुए हैं. न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस संघर्ष ने सूडान की राजधानी खार्तूम और अन्य शहरों की स्थिति को बेहद खराब कर दिया है. यहां अब घरों में लोग बिना बिजली के रहने को मजबूर हैं. सोमवार को अस्पताल क्षतिग्रस्त हो गए और भोजन की आपूर्ति भी बाधित हो गई. न्यूज एजेंसी AP के अनुसार, राजधानी खार्तूम और इसके निकटवर्ती शहर ओमडर्मन में हवाई हमले और गोलाबारी तेज हो गई है।

# बालू माफियाओं ने महिला इंस्पेक्टर को घसीटकर पीटा, पुलिसवालों को दौड़ा-दौड़ाकर मारा

■ बिहटा .पटना, एजेंसी।

बिहार में बालू को 'पीला सोना' कहा जाता है और प्रदेश में इस 'पीले सोने' में मोटी कमाई को लेकर बालू माफिया कुछ भी करने को तैयार रहते हैं. इसी क्रम में ताजा मामला पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के परेव गांव का है, जहां बालू ओवरलोडिंग चेकिंग करने के दौरान ट्रक चालकों और बालू माफियाओं ने जिला खनन इंस्पेक्टर महिला समेत अन्य कर्मियों को सड़कों पर दौड़ा-दौड़ा कर ईट एव पत्थर से जमकर पिटाई कर डाली. पिटाई की डर से महिला जिला खनन इंस्पेक्टर जान बचाती हुई भागती रहीं, लेकिन बदमाशों के द्वारा दौड़ा-दौड़ा कर पीटा जा रहा है. पूरी घटना का वीडियो वायरल हुआ है। बताया जाता है कि सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर जिला खनन विभाग की महिला इंस्पेक्टर समेत अन्य कर्मियों ने बिहटा के परेव गांव के पास बालू ओवरलोडिंग के खिलाफ चेकिंग अभियान चला रखा था. इसी दौरान ट्रक चालकों से कहासुनी हो गयी, जिसके बाद ट्रक चालकों ने जिला खनन इंस्पेक्टर समेत अन्य कर्मियों को बिहटा-आरा एनएच मुख्य मार्ग पर सह परेव गांव के समीप दौड़ा दौड़ा-दौड़ाकर ईट पत्थर से हमला शुरू कर दिया. जान बचाने के लिए जिला खनन की टीम भागती रही, उसके बाद भी इन लोगों के द्वारा पिटाई की जाती रही. बताया जाता है कि लगभग 150 अवैध तरीके से बालू लोडेड ट्रक को पकड़ लिया गया था, लेकिन उसे छुड़ाने के लिए बालू माफिया और उसके लोगों ने हमला करना शुरु कर दिया और बालू घाट के पास ही खनन महिला इंस्पेक्टर और उनकी टीम को दौड़ा-दौड़ा कर पिटाई करने लगा.। जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि उपद्रवियों द्वारा खनन पदाधिकारी और इंस्पेक्टर की टीम पर रोड़ेबाजी की गई है, इस मामले को गंभीरता से लेते हुए हमारी डीटीओ और एसडीएम दानापुर के नेतृत्व में रिफोर्समेंट टीम गई है और 50 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. इसमें मामला भी दर्ज किया गया है.।



# भारत वर्ष पहले भी था आज भी है बाद में भी रहेगा: डा. मोहन भागवत

### जबलपुर के नरसिंह मंदिर में संघ प्रमुखने किया डा. श्याम देवाचार्य के श्रीविग्रह का लोकार्पण



**जबलपुर,यशभारत।** जगतगुरु डॉ .स्वामी श्यामदेवाचार्य जी महाराज की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज में साकेतवासी डा. श्याम देवाचार्य के श्रीविग्रह का लोकार्पण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक डा. मोहन भागवत ने मंगलवार की सुबह किया। सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच डा. भागवत सीधे मंदिर परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने प्रवेश द्वार के बाएं हाथ पर स्वामी रामचंद्र महाराज की प्रतिमा के बाजू में श्रीविग्रह का लोकार्पण किया। इस दौरान डा.स्वामी नरसिंहदास महाराज, स्वामी गिरीशानंद साकेत धाम श्याम साहनी सहित अन्य मौजूद रहे। डाक्टर भागवत ने कहा- भारत वर्ष पहले भी था आज भी है, बाद में भी रहेगा। भारत के अस्तित्व का प्रयोजन सृष्टि का चलना है, जब तक मानव है, तब तक ये प्रयोजन चलता रहेगा। हर राष्ट्र बनने का प्रयोजन पूरा करने के बाद देश अंतर्ध्यान हो जाते हैं पर भारत का प्रयोजन खत्म नहीं हुआ है। मनुष्य सबसे दुर्बल है, लेकिन बुद्धि दी भगवान ने इसलिए सब प्राणियों का राजा बन गया। मनुष्य सोचता है कि सब मिलकर रहें। मनुष्य ने समूह बनाए, जिन्हें कबीले कहा गया। कबीले लड़ते थे, रक्तपात होता था इसलिये राजा बना दिया गया। कार्यक्रम में कई साधु संत भी मौजूद थे। मोहन भागवत के जबलपुर आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई है। जानकारी के अनुसार जबलपुर में 12 अप्रैल से 18 अप्रैल तक स्वामी रामादेवाचार्य जी की द्वितीय पुण्यतिथि को लेकर कई कार्यक्रम चल रहे थे। इसी कार्यक्रम के अंतिम दिन मंगलवार को संघ प्रमुख मोहन भागवत शामिल हुए। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी को भी शामिल होना था पर वह किसी कारण से नहीं आ पाए।



### शाम को मानस भवन में देंगे व्याख्यान

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने नरसिंह मंदिर परिसर में ब्रह्मलीन जगतगुरु श्यामादेवाचार्य की प्रतिमा का अनावरण के बाद मोहन भागवत ने नरसिंह मंदिर परिसर में साधु संतों का आशीर्वाद भी लिया। इस कार्यक्रम के बाद मानस भवन में 4.45 बजे रामानंदाचार्य के प्राकट्य 723 वर्ष पूर्ण होने में आयोजित कार्यक्रम में आरएसएस सरसंघ संचालक मोहन भागवत व्याख्यान देंगे।

**मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 की तैयारी**

## 14 नेताओं ने टटोली भाजपा कार्यकर्ताओं की नब्ज असंतोष दूर करने कोर ग्रुप में आज होगा मंथन

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 की तैयारी में भाजपा ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। आज शाम चार बजे भाजपा मुख्यालय में आहूत कोर ग्रुप की बैठक में जमीनी स्तर पर समन्वय के साथ काम करने की रणनीति बनाने पर भी चर्चा होगी। पार्टी को चुनाव में जाना है। ऐसे में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं की नाराजगी को पार्टी चुनौती के रूप में ले रही है। संघ और भाजपा के 14 दिग्गज नेताओं वरिष्ठ नेताओं को फील्ड में जाकर नाराज और असंतुष्ट नेताओं को मनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी ,जिन्होंने जमीन स्थिति को लेकर अपनी रिपोर्ट संगठन को सौंप दी है। आज सौंपी गई रिपोर्ट पर मंथन होगा। भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में प्रदेश की कमजोर सीटों को लेकर रणनीति बनेगी, वहीं, नाराज नेताओं और कार्यकर्ताओं का असंतोष दूर करने का रास्ता निकाला जाएगा। बता दें, इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने भोपाल प्रवास पर बैठक में भाजपा के प्रदेश संगठन को जमीनी स्तर पर काम करने को कहा था। उन्होंने सरकार और संगठन में समन्वय को लेकर भी सवाल उठाए थे। सूत्रों का कहना है कि कोर ग्रुप की बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा उपेक्षा की शिकायत रिपोर्ट के अनुसार कार्यकर्ताओं ने जनप्रतिनिधियों के द्वारा उनकी उपेक्षा करने की भी शिकायत की है। वहीं, बड़ी समस्या ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं के क्षेत्र में है। बैठक इन सब शिकायतों को दूर करने के रास्ते निकाले जाएंगे।



### मंत्रिमंडल विस्तार पर भी चर्चा संभव

इसके अलावा कोर ग्रुप की बैठक में चुनाव से पहले मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भी चर्चा हो सकती है। इसमें पार्टी से नाराज चल रहे वरिष्ठ विधायकों को समायोजित किया जा सकता है। अभी मंत्रिमंडल में मंत्रियों के चार पद खाली हैं। बता दें, 2018 के चुनाव में भाजपा के हाथ से सत्ता फिसलने की वजह क्षेत्रीय असंतोष व असंतुलन मुख्य था। ऐसे में भाजपा इस बार विधानसभा चुनाव में गलती को दोहराना नहीं चाहती।

### मोदी की सभा और विंध्य पर भी चर्चा

बैठक में 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रीवा में होने वाले कार्यक्रम के साथ विंध्य में पार्टी की पकड़ को मजबूत बनाए रखने पर चर्चा होगी। प्रधानमंत्री मोदी यहां पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित करने के साथ साढ़े छह हजार करोड़ की एक परियोजना का भी शिलान्यस करेंगे। वहीं मैहर से भाजपा विधायक नारायण त्रिपाठी द्वारा नई पार्टी बनाने की घोषणा कर विंध्य की 30 सीटों पर चुनाव लडऩे का ऐलान कर चुके हैं। ऐसे में कोर ग्रुप में त्रिपाठी के ऐलान के बाद की स्थिति से निपटने पर भी चर्चा होने की संभावना है।

## गुजरात में पैसेंजर ट्रेन में लगी आग

### बोटाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर खड़ी ट्रेन के 3 डिब्बे जले

■ भावनगर, ईएमएस।

गुजरात में बोटाद रेलवे स्टेशन पर सोमवार दोपहर एक खाली पैसेंजर ट्रेन में आग लग गई। बोटाद से सुरेंद्रनगर तक चलने वाली यह ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर 7 पर खड़ी थी। इसी दौरान तीन बोगियों में आग लग गई। ट्रेन खाली होने के चलते कोई जनहानि नहीं हुई। करीब 2 घंटों की मशक्कत से फायर की टीम ने आग पर काबू पाया। यह ट्रेन बोटाद से सुरेंद्रनगर के लिए शाम छह बजे रवाना होती है। इससे पहले के टाइम में ट्रेन को प्लेटफॉर्म नंबर 7 पर खड़ा किया जाता है। हालांकि, आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। रेलवे पुलिस इसकी जांच में जुटी है।

**तीन हादसों में चली गईं 13 की जान**

## सरदारपुर में ट्राले में पीछे से जा घुसी कार, तीन युवाओं की मौत

■ सरदारपुर, यशभारत।



धार जिले के इंदौर अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग के फोरलेन पर अल सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ। भोपावर चौकड़ी पर स्पीड ब्रेकर पर ट्राले में पीछे से कार जा घुसी राजगढ़-सरदारपुर के तीन युवकों की दर्दनाक मौत हुई। मृतकों में एक सरदारपुर नगर परिषद का नवनिर्वाचित पार्षद भी बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर सरदारपुर की भोपावर चौकड़ी पर सुबह करीबन तीन बजे कार क्रमांक एमपी 11 सीसी 2760 आगे चल रहे ट्राला क्रमांक यूपी 78 एफएन 1865 में पीछे से जा घुसी। हादसे की सूचना मिलते ही एसडीओपी रामसिंह मेढ़ा एवं टीआई प्रदीप खन्ना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा शवों को निकाला गया। इस दर्दनाक हादसे में सरदारपुर निवासी वार्ड क्रमांक सात के पार्षद प्रथम पिता गोपाल गर्ग उम्र 27 वर्ष तथा अक्षय पिता अतुल त्रिवेदी उम्र 27 वर्ष, राजगढ़ के दलपुरा निवासी संदीप पिता शंकरलाल राठौर उम्र 28 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरदारपुर ले जाया गया है।

### करनाल में बिल्डिंग गिरी, 4 ने तोड़ा दम , कई मलबे में दबे

करनाल, एजेंसी। हरियाणा के करनाल में एक राइस मिल की तीन मंजिला इमारत मंगलवार तड़के गिर गई। हादसे में 4 मजदूरों की मौत हो गई। 20 से 25 मजदूर मलबे में दब गए हैं। प्रशासन, पुलिस व रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंची और राहत और बचाव कार्य शुरू किया। अभी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। तरावड़ी की शिव शक्ति राइस मिल की तीन मंजिला बिल्डिंग में करीब 200 मजदूर रहते थे। जिनमें से कुछ मजदूर रात को काम पर गए हुए थे। बाकी मजदूर रात को बिल्डिंग में सो रहे थे। मंगलवार तड़के 3:30 बजे तीन मंजिला बिल्डिंग सोते हुए मजदूरों पर गिर गई। 18 मजदूर घायल बताए जा रहे हैं।

### पुणे में होर्डिंग गिरा, छह लोग मृम

पुणे, एजेंसी। पुणे में आंधी-बारिश से बचने के लिए कुछ लोग एक दुकान के पास खड़े थे। दुकान के पास ही लोहे का एक होर्डिंग लगा था। आंधी के चलते होर्डिंग दुकान पर गिर गया।पुणे के पिंपरी चिंचवाड़ शहर के रावत किवले इलाके में सोमवार को लोहे का होर्डिंग गिरने से छह लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में दो लोग घायल हुए हैं, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि मरने वालों में चार महिलाएं हैं। घटना शाम 6:30 बजे की बताई जा रही है। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव का काम शुरू कर दिया। दरअसल, रावत किवले इलाके में कात्रज देहू सर्विस रोड पर आंधी और बारिश से बचने के लिए कुछ लोग एक दुकान के पास खड़े थे।

## गुड्डू मुस्लिम ने दिया अतीक को धोखा, उसकी सूचना पर मारे गए असद और गुलाम, ये राज हुआ दफ्न

■ प्रयागराज, एजेंसी।



अतीक और अशरफ के मारे जाने के बाद सबसे ज्यादा चर्चा गुड्डू मुस्लिम की है। दरअसल अशरफ के जो आखिरी शब्द 'गुड्डू मुस्लिम' था। वह गुड्डू मुस्लिम के बारे में क्या बताना चाहता था, यह राज अब हमेशा हमेशा के लिए दफ्न हो गया, लेकिन चर्चा है कि गुड्डू ने अतीक को अंतिम समय में धोखा दिया। चर्चा है कि अशरफ यही बात कहना चाहता था, उससे ठीक पहले उसे गोली मार दी गई। गुड्डू की सूचना पर एसटीएफ ने असद और गुलाम को मार गिराया था? जिस दिन असद और गुलाम का एनकाउंटर हुआ, उसी दिन से अफवाह उड़ रही है कि पुलिस ने गुड्डू मुस्लिम को पकड़ लिया। उसके कभी झांसी, कभी अजमेर और कभी नासिक में होने की बात कही गई। गुड्डू मुस्लिम के डबल क्रास करने की अफवाह उस दिन से उड़ी जिस दिन अतीक और अशरफ की हत्या हुई थी। काल्विन अस्पताल में 15 अप्रैल की रात मीडियाकर्मियों ने अतीक और अशरफ से पूछा था कि वे असद के जनाने में क्यों नहीं गए। अतीक ने उत्तर दिया कि 'नहीं जाने दिया गया नहीं गए'। इसके ठीक बाद अशरफ बोला कि 'बात यह है कि गुड्डू मुस्लिम'। इस शब्द के बाद ही पहले अतीक के सिर में गोली मारी गई फिर अशरफ के सिर में गोली मार दी गई। उसका वाक्य पूरा नहीं हो पाया। इस आखिरी शब्द की पूरे प्रदेश में चर्चा है। मीडियाकर्मी जब असद के जनाजे में जाने की बात कर रहे थे तो अशरफ ने गुड्डू मुस्लिम का नाम क्यों लिया। वह जो भी बताना चाहता था, वह राज अब हमेशा के लिए राज ही रहेगा लेकिन गुड्डू के बारे में तरह तरह की अफवाहें तैर रही हैं। सूत्र बताते हैं कि अशरफ ने एसटीएफ से कहा था कि असद और गुलाम के अलावा गुड्डू मुस्लिम, अरमान और साबिर को सौंप देगा।इस बात की खबर लगते ही गुड्डू मुस्लिम ने एसटीएफ से संपर्क किया।

## गर्मी का टॉर्चर, यूपी-झारखंड समेत कई राज्यों में लू की चेतावनी, दिल्ली में पारा 40 डिग्री के पार

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

देश के तमाम हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, ओडिशा, झारखंड और सिक्किम में लू चलने की चेतावनी जारी की है। वहीं, बिहार, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में भी तापमान तेजी से बढ़ रहा है और यहां के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर-पश्चिम से गर्म, शुष्क हवाएं पूर्वी भारत में चल रही हैं। विभाग ने गर्मी से बचने के लिए लोगों को पर्याप्त पानी पीने, ओआरएस और अन्य पेय पदार्थों के इस्तेमाल की सलाह दी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भीषण गर्मी का प्रकोप देखा जा रहा है। दिल्ली में सोमवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। सोमवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से चार डिग्री ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान 21.9 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य है। इससे पूर्व बीते शनिवार को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री दर्ज किया गया था। परेशानी की बात यह है कि मंगलवार को भी भीषण गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर का अधिकतम तापमान 41 डिग्री तक रहने की संभावना है।



### कब होगी बारिश

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार से लेकर गुरुवार के बीच दिल्ली के कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। इससे तापमान में भी कमी आने की संभावना है। हालांकि, 19 अप्रैल को बारिश की तीव्रता में बढ़त देखी जा सकती है और 21 अप्रैल तक इसका असर दिख सकता है। साथ ही 19 से 21 अप्रैल के बीच उत्तराखंड के इलाकों में भी हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। कुछ इलाकों में गरज के साथ ओलावृष्टि भी देखने को मिल सकती है। बुधवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 38 डिग्री जबकि गुरुवार को 37 डिग्री तक जा सकता है।

### सबसे ज्यादा गर्मी

देश में सोमवार को सबसे गर्म तेलंगाना का जयशंकर भूपालपल्ली जिला रहा, जहां तापमान 44.6 डिग्री दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में 43.4 डिग्री सेल्सियस और बिहार के सपौल में 42.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। यहां तक कि सिक्किम जैसे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी लू की स्थिति दर्ज की गई। हालांकि, मंगलवार को जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और पंजाब में पश्चिमी विक्षोभ की वजह से राहत मिलने के आसार हैं।लेकिन देश के अन्य राज्यों में गर्मी तेजी से बढ़ने वाली है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में अगले कुछ दिनों में तापमान तेजी से बढ़ेगा।


**यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें**

**मो. 9407348995, 7999718732**


## सेम सेक्स मैरिज पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज


■ नई दिल्ली, ईएमएस।

**कल केंद्र ने कहा था- कानूनी मान्यता की मांग एलीट क्लास की सोच**

सेम सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता देने की मांग करने वाली 15 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई होगी। पांच जजों की संवैधानिक बेंच इन याचिकाओं को सुनेगी। बेंच में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एसके कौल, जस्टिस एस रवींद्र भट, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस हिमा कोहली शामिल हैं। खास बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट और यूट्यूब पर सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी।मामले पर सुनवाई से एक दिन पहले यानी 17 अप्रैल को केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दूसरा हलफनामा दाखिल किया। जिसमें केंद्र सरकार ने कहा कि सेम सेक्स मैरिज को वैध ठहराए जाने की डिमांड सिर्फ शहरी एलीट क्लास की है। इससे आम नागरिकों के हित प्रभावित होंगे। सरकार ने कहा कि इस पर फैसला करना संसद का काम है। कोर्ट को इस पर फैसले से दूर रहना चाहिए। सभी धर्मों में विवाह का एक सामाजिक महत्व है। हिन्दू में विवाह को संस्कार माना गया है, यहां तक की इस्लाम में भी।

## एक्सप्रेस-वे पर दौड़ती कार की खिड़की से फेंकने लगा नोट, पल भर में उड़ा दिए 1.60 करोड़

■ ओरेगॉन, एजेंसी।



इंसान का पेट भरा हो तो उसके शौक भी अजीबो-गरीब हो जाते हैं. वह अपने इन अजीबो-गरीब शौक पर लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करता है. आमतौर पर अमीर लोग पब जाते हैं. दुनिया की सैर-सपाटे पर जाते हैं. महंगी से महंगी चीजें खरीदते हैं. बड़ी गाड़ी में चलते हैं. अच्छे ब्रांडेड कपड़े पहनते हैं. लेकिन, एक शख्स ऐसा है जिसको हवा में नोट उड़ाने में मजा आता है. वह एक दिन बेहद व्यस्त एक्सप्रेस-वे पर नोट उड़ाने लगता है. पल भर में वह एक-दो हजार या लाख नहीं बल्कि 1.60 करोड़ रुपये से अधिक उड़ा देता है. फिर क्या, बेहद बिजी इस एक्सप्रेस-वे पर नोट लूटने के लिए बड़ी-बड़ी गाड़ियों से लोग उतर आते हैं. भारी भीड़ लग जाती है. एक्सप्रेस-वे जाम हो जाता है और फिर पुलिस आती है और नोट उड़ाने वाले को गिरफ्तार करने की चेतावनी देती है. तब जाकर वह नोट उड़ाना बंद करता है. दरअसल, यह कहानी है क अमेरिका के ओरेगॉन प्रांत के 38 वर्षीय शख्स कॉलिन डेविस मैक्कार्थी थी. मैक्कार्थी का फैमिली बिजनेस है. आर्थिक रूप से वह संपन्न हैं. उनके शौक थोड़े अजीबो-गरीब हैं. यह बात 11 अप्रैल की शाम 7.20 की है. वह उस शाम एक एक्सप्रेस-वे पर चल रहे होते हैं और कार की खिड़की से नोट उड़ाते आगे बढ़ रहे थे. कुछ ही देर में वह दो लाख डॉलर यानी 1.62 करोड़ रुपये की राशि उड़ा चुके थे. नोट लूटने के लिए इस एक्सप्रेस से गुजरने वाली गाड़ियां रुकने लगती है. हर कोई इन नोट्स को हासिल करना चाहता था.पुलिस का कहना है कि मैक्कार्थी के खिलाफ अभी तक कोई मुकदमा दायर नहीं किया गया है. उसे चेतावनी दी गई है. पुलिस ने बताया की एक्सप्रेसक्ष्वे से जाम हटवाने के लिए उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ी. अपनी इस हरकत को लेकर मैक्कर्थी का कहना है कि वह ठीक-ठाक पैसे वाले परिवार से हैं. वह लोगों को उपहार में पैसे देने चाहते थे।

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया कोरोना पाजिटिव

■ भोपाल, यशभारत।



केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया कोरोना पाजिटिव हो गए हैं। उन्होंने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। सिंधिया ने ट्वीट में लिखा है कि डॉक्टरों के परामर्श पर कराई गई कोविड-19 की जांच में मेरी रिपोर्ट पाजिटिव आई है। उन्होंने कहा- आप सभी से मेरा अनुरोध है कि पिछले कुछ दिनों में जो भी मेरे सम्पर्क में आएं हैं, वो सभी सावधानी बरतें या निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपनी जांच करवायें।

**मरी हुई दादी को 'दोबारा जिंदा' करना चाहता था पोता!**

## AI का लिया सहारा, फिर कमाल के साथ हो गया बवाल

■ बीजिंग, एजेंसी।



दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग का क्रेज बढ़ता जा रहा है. लोग इसके उपयोग से कुछ हटकर करने की कोशिश कर रहे हैं. इस बीच चीन के एक शख्स ने मरी हुई दादी को 'दोबारा जिंदा' करने की कोशिश की. इसके लिए उसने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लिया. इस कोशिश में शख्स कुछ हद तक कामयाब भी हो गया. दरअसल शंघाई में रहने वाले एक शख्स ने यह कमाल करने की कोशिश की. साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट के अनुसार शख्स के इस नए कमाल ने चीन में बवाल मचा दिया है. शख्स के इस नए कमाल ने चीन में तकनीक के क्षेत्र में चर्चाएं गर्म हो गई हैं. 24 वर्षीय वू नाम का शख्स और उसकी मृत दादी के AI संस्करण के बीच बातचीत का ऑडियो वाला एक वीडियो हाल के हफ्तों में वायरल हो गया, जब वू ने इसे ऑनलाइन पोस्ट किया. इस वीडियो में वू कहता है, 'दादी, मेरे पिताजी और मैं इस साल आपके साथ चंद्र नव वर्ष मनाने के लिए अपने गृहनगर वापस जाएंगे. मेरे पिताजी ने आपको पिछली बार फोन किया था. आपने उनसे क्या कहा?' इस पर AI दादी ने जवाब दिया, 'मैंने उससे कहा कि शराब मत पियो. अच्छे आदमी बनो और ताश मत खेलो.' बातचीत के दौरान AI दादी बातों को ध्यान से सुन रही थीं. इसके साथ ही जब वह बोलती थीं तो उनका मुंह भी हिलता था. वू पेशे से एक विजुअल डिजाइनर हैं जिन्होंने दादी को दोबारा जिंदा करने का प्लान बनाया. कोरोना संक्रमण के दौरान वू की दादी की मौत हो गई थी. वू ने ढ्ढ का उपयोग कर के दादी की मौजूदगी, आवाज, पर्सनैलिटी और यादों को संजोया. उन्होंने इसके लिए दादी की फोटो AI एप्लिकेशन में इंपोर्ट की और उनकी आवाज भी जोड़ी. इसके अलावा वू ने AI चैटबॉट चैटजीपीटी के साथ बात करने में भी काफी समय बिताया ताकि वह सीख सके कि AI को उसकी दादी की तरह व्यवहार करने के लिए कैसे तैयार किया जाए।



# तारों के मकड़जाल में उलझा शहर, बिजली के बाद आप्टिकल फाइबर केबिल बना जी का जंजाल

कटनी, यशभारत। कटनी शहर में बिजली और केबिन वायर का मकड़जाल इतना भयानक होता जा रहा है कि पूरे शहर में घूमते नजर उपर की जाए तो आपके करीब कोई तार झूलता जरूर नजर आएगा। इस मकड़जाल को लेकर कुछ माह पूर्व जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था कि इसे तुरंत दुरूस्त किया जाए पर ऐसा नहीं हो सका। एमपीईबी के केबल के साथ साथ इस वक्त सबसे ज्यादा तार संकट आप्टिकल फाइबर केबिल ने खड़ा किया है

### जियो और एयरटेल का खबों पर कब्जा

कटनी में जियो तथा एयरटेल ने बिजली खंबों से फायबर केबिल शहर में फैलाई है इसके लिए विद्युत विभाग दोनों कंपनियों से पैसा ले रहा है हालांकि इस केबिल को लगाने में कुछ शर्तो का पालन भी करना आवश्यक है लेकिन अनुमति मिलने के बाद भला कौन शर्तों को मानता है लिहाजा न सिर्फ यह कटनी की सड़कों के लिए जी का जंजाल बने हैं वरन दुर्घटना का कारण भी बन रहे हैं। आपको बता दें कि कटनी शहर की सुंदरता में यह केबिल वायर एक बदनुमा दाग जैसा दिखाई देता है।

### अक्सर लगती है आग, घंटों बंद हो जाती है बिजली

यही नहीं इन केबिल में अक्सर दिवाली का नजारा भी कटनी वासी देखते रहते हैं। बीते दिनों भी ऐसा नजारा कटनी के सबसे व्यस्त क्षेत्र दिलबहार चौक में नजर आया। यह कोई एक घटना नहीं है रोजाना पूरे शहर में इस तरह आग की घटना खंबों पर घटती रहती हैं इसके बाद विद्युत विभाग आकर बिजली बंद करता है तो फिर समझ लो कि घंटों का बिजली संकट शुरू होने वाला है। कटनी जिले के दिलबहार चौराहे में स्थित विद्युत डीपी में अनाचक भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस हादसे में राहगीर आग की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। वहीं घटना की सूचना तत्काल बिजली विभाग को दी गई। आए दिन बिजली तार और डीपी में आग लग रही है प्रदेश गर्मी आते ही आग लगने की घटनाए तेजी से बढ़ रही है। खंभे के तारो में आग लग गई। राहत की बात यह है कि दोनों घटनाओं में किसी प्रकार की जनहानि नहीं पहुंची है। घटना की सूचना तत्काल बिजली विभाग को दी गई। आए दिन बिजली तार और डीपी में आग लग रही है।

### दशहर जुलूस में हुआ था व्यवधान, बिना रावण के पुतले के निकला था चल समारोह

आपको बता दें कि दो साल के बाद बीते वर्ष बेहद उत्साह से कटनी में रावण महराज के पुतले की अगवाई में दशहरा चल समारोह निकला था लेकिन यह जुलूस झंडा बाजार से आगे नहीं बढ़ पाया। यहां पहुंचते पहुंचते ही तारों में रावण का पुतला इस कदर उलझा कि घंटों बर्बाद करने के बाद अंततः प्रशासन कि लिखित आश्वासन के बाद गोलबाजार रामलीला कमेटी ने यहीं पर रावण को खड़ा किया और यहां से बिना रावण के पुतले के जुलूस प्रारंभ हुआ। जबकि कई दिन पहले ही कमेटी ने प्रशासन को बिजली और अन्य विभाग को कटनी में बिजली तारों के मकड़जाल को बता दिया था पर इस पर किसी से ध्यान नहीं दिया। बाद में प्रशासन ने माफी मांगी । लेकिन इस घटना के बाद भी तारों को व्यवस्थित करने का कोई प्रयास नहीं किया गया। बिजली के खंबों में फायबर केबिल के अलावा लोकर डिक्स केबिल, और बिजली कनेक शन केबिल लगी हुई होती हैं। कभी कभी तो हालात इतने बुरे हो जाते हैं कि केबिल के कारण विद्युत विभाग के कर्मचारी फाल्ट भी नहीं सुधार पाते या तो उनकी सीढ़ी यहां तक नहीं पहुंचती या फिर उन्हें फाल्ट ही समझ में नहीं आता।

# बाघों के बढ़ते कुनबे से गुलजार कटनी से सटे टाइगर रिजर्व

## बांधवगढ़ के बाद अब पन्ना कटनी मार्ग पर शावकों के साथ सड़क पार करती दिखी बाघिन

**कटनी यशभारत।** पन्ना टाइगर रिजर्व बाघों से गुलजार हैं। वन्य क्षेत्र के साथ ही जंगल से लगे इलाकों में भी लोगों को अक्सर यहां बाघों का दीदार हो जाता है। पन्ना में लगातार बाघों का कुनबा बढ़ने के कारण अब बाघ कोर जोन से बफर जोन की ओर भी मूवमेंट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। हाल ही में पन्ना कटनी मार्ग पर ग्राम अकोला के पास एक बाघिन अपने चार नन्हे शावकों के साथ रोड क्रॉस करते हुए दिखाई दी। राहगीरों ने इस रोमांचक नजारे को अपने मोबाइल कैमरे में कैद किया। जो कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आपको बता दें कि कुछ दिन पहले ही इसी तरह बांधवगढ़ के कटनी से सटे बसे गांव बिरूहली बीट में भी 4 शावकों के साथ बाघिन नजर आई थी। हालांकि बाद में इनमें से एक शावक का शव बरामद हुआ था। जिसके मरने का कारण किसी बाघ का हमला बताया जा रहा था। कटनी जिला दो प्रमुख टाइगर जोन की सीमा के बीचों बीच है लिहाजा कटनी बाघों के कारण देश ही नहीं दुनिया की मीडिया में चर्चा का विषय है। इधर गर्मी बढ़ने के बाद अब पानी की तलाश में वन्य पशुओं का आबादी की ओर पानी की खोज में आना भी शुरू हो गया है जो इनकी मौत का भी कारण बनता है। कटनी खास बात यह है कि कटनी के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व और पन्ना नेशनल पार्क से स्टेट हाइवे गुजरता है यह दोनों पार्क में पर्यटकों की संख्या भी काफी रहती है ऐसे में वाहनों का आना जाना ज्यादा होता है और अक्सर खबरे मिलती है कि एक्सीडेंट में वन्य जीव की मृत्यु हो गई। हालांकि वन विभाग तथा राज मार्ग अथारटी सड़कों पर चेतवानी बोर्ड लगाती है लेकिन इससे न तो वाहन चालक ध्यान देते न ही जिम्मेदार लोग यह हादसे का कारण भी बनता है। कटनी दो दो प्रमुख नेशनल पार्क के बीच में स्थित है लिहाजा वन विभाग दोनों टाइगर रिजर्व में सक्रिय रहता है।




### पन्ना टाइगर रिजर्व में लगभग 80 बाघ होने का अनुमान

पन्ना टाइगर रिजर्व में बढ़ती बाघों की संख्या के कारण अब बाघ झुंड में सड़कों पर नजर आ रहे हैं। इस बार पन्ना छतरपुर एनएच 39 में बाघिन पी-151 अपने चारों शावकों के साथ सड़क पार करते हुए नजर आई है। जिसका वीडियो राहगीरों ने अपने मोबाइलों में कैद कर लिया और सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। मध्यप्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व में वर्तमान समय मे 80 से अधिक छोटे बाघ जंगल में स्वतंत्र विचरण कर रहे हैं। बीते एक साल में अलग-अलग बाघिनों ने करीब 20 शावकों को जन्म दिया है, जिससे बाघों के कुनबे में बढ़ोत्तरी हुई है। सबसे आकर्षण का केंद्र इन दिनों बाघिन पी 151 व उसके 4 शावक बने हुए हैं, जो आए पीटीआर में आने वाले पर्यटकों को नजर आ रहे हैं। बाघिन अपने शावकों के साथ राहगीरों को भी आसानी दिखती नजर आ रही है। कुछ इसी प्रकार का नजर पन्ना छतरपुर एनएच 39 सड़क मार्ग में दिखाई दिया है। बाघिन अपने शावकों के साथ सड़क पार करते हुए राहगीरों को नजर आई है। इस दौरान राहगीर डर गए जब बाघिन दहाड़ते हुए निकली। राहगीर जहां तहां अपने वाहनों को रोककर खड़े हो गए। इस शानदार नजारे को अपने-अपने मोबाइलों में कैद कर लिया। वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिया, जिसके बाद यह वीडियो खूब देखा जा रहा है।



## भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ ने किया केडीए के अध्यक्ष का सम्मान

**कटनी, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ जिला कटनी की मासिक बैठक 15 अप्रैल को भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, कटनी विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष पीतम्बर टोपनानी की गरिमामयी उपस्थिति एवं जिला संयोजक मनोज नौगरहिया की अध्यक्षता में दीपश्री ट्रेडर्स नदीपार कटनी में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन एवं केडीए के नवनियुक्त अध्यक्ष पीतम्बर टोपनानी का भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक मनोज नौगरहिया, सहसंयोजक नवीन मोटवानी, बालमुकुंद गुप्ता, नितिन बिलैया एवं सभी सदस्यों ने शाल, श्रीफल व तुलसी का पौधा देकर सम्मान किया व पुष्पहारों से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर व्यापारी प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक नवीन मोटवानी, बालमुकुंद गुप्ता, नितिन बिलैया, सदस्यगण गोपाल अग्रवाल, नारायण शंकर परौहा, अनिल साहू, राजेंद्र नामदेव, पुन्नूलाल नामदेव, पार्षद उमेन्द्र ओमी राज, विजय सिंह, दीपक सेन, रमेश भोजराज, अशोक गुप्ता, रमेश गुप्ता, कमलेश बरसैया, सुरेंद्र नायक, गंगा नगरिया, सुरेंद्र अग्रवाल, रामनरेश विश्वकर्मा, रमाकांत रजक, अमित गुप्ता की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन बालमुकुंद गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन नितिन बिलैया ने किया।

# जिला अस्पताल में जीवन रक्षक मशीन नहीं कर पा रही मरीजों की रक्षा

## ताले में बंद मशीन, जान बचाने जबलपुर में तलाशा जा रहा ब्लड

**कटनी, यशभारत।** कटनी जिला अस्पताल में रोज नई नई समस्या सामने आ जाती हैं। अब प्लाजमा मशीन को लेकर है। थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों के लिए ब्लड की जरूरत क्या होती है यह भुक्तभोगी ही बता सकता है। क्योंकि इस बीमारी से पीड़ित मरीज को यदि एकबार भोजन न मिले तो चल जाएगा, लेकिन रक्त नहीं मिले तो हीमोग्लोबिन कम हो जाता है, बच्चे को समय पर ब्लड नहीं मिलेगा तो जान चली जाती है। इस गंभीर बीमारी से दो-चार नहीं बल्कि 326 मरीज ग्रसित हैं। इनकी जान बचाने के लिए इनके अभिभावक परिजन हर 18 से 20 दिन में 100 किलोमीटर दूर जबलपुर ब्लड डोनर लेकर जाते हैं, वहां से एक दिन के इंतार के बाद खून लेकर आते हैं और फिर कटनी आकर हजारों रुपए खर्च कर निजी अस्पतालों में चढ़वाते हैं। इसके अलावा यदा-कदा डेंगू व एनीमिया के मरीजों को भी यही पीड़ा का सामना करना पड़ रहा है। यह गंभीर समस्या जिला अस्पताल प्रबंधन, स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन की बेपरवाही के कारण सैकड़ों लोगों को उठानी पड़ रही है। क्योंकि इस पीड़ा से निजा दिलाने वाली बल्ड कंपोनेंट मशीन जिला अस्पताल में बेपरवाही के ताले में कैद है। जिला अस्पताल में ब्लड कंपोनेंट मशीन न होने के मामले को हाइकोर्ट में याचिका लगाई। इसके बाद राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने मांगपत्र पर 27 लाख 50 हजार रुपए जिला अस्पताल को दिए। 25 जनवरी 2022 को पत्र लिखकर राशि जारी करने अनुशंसा की थी। इससे मशीन खरीदी गई। 11 दिसंबर 2022 को सांसद ने लोकार्पण किया था। तबसे अबतक मशीन ताले में कैद है।



### जीवन रक्षक मशीन

ब्लड कंपोनेंट मशीन खून में शामिल तत्वों को अलग-अलग कर देती है। यह मशीन लाल रक्त कणिकाएं (आरबीसी), श्वेत रक्त कणिकाएं (डब्ल्यूबीसी), प्लेटलेट्स, प्लाज्मा, फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा (एफएफपी) को अलग-अलग कर देता है। थैलीसीमिया के मरीजों को आरबीसी, डेंगू के मरीजों को प्लेटलेट्स, जले मरीजों को प्लाज्मा, एफएफपी और एड्स के मरीजों को डब्ल्यूबीसी की जरुरत पड़ती है। ऐसी स्थिति में मरीज को पूरी बोतल खून चढ़ाने की जगह आवश्यक तत्व ही चढ़ाए जाते हैं। एक बोतल खून से तीन अलग-अलग मरीजों की जरुरत को पूरा किया जा सकता है। इतनी महत्वपूर्ण मशीन होने के बाद भी इसका संचालन नहीं हो पा रहा है।

# सरपंच पति पर शाला भवन की बिल्डिंग पर बुल्डोजर चलवाने का आरोप



कटनी, यशभारत। बहोरीबंद जनपद की ग्राम पंचायत इमलिया के सरपंच पति पर आरोप है कि उन्होंने प्राइमरी शाला की मजबूत बिल्डिंग पर जेसीबी मशीन चलवा दी गई। प्राचार्य ने इसकी शिकायत जनपद सीईओ और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को दी है। लेकिन सबने इस मामले में चुप्पी साध ली है। उधर जानकारी यह सामने आई है कि ग्राम पंचायत इमलिया ने एसडीएम बहोरीबंद के यहां मार्च 23 में जाब्ता फौजदारी की धारा 133 के तहत एक याचिका दायर करते हुए जर्जर सामुदायिक भवन को ढहाने की मांग जनहित में की थी और एक माह के अंदर एसडीएम ने हटाने का आदेश 11 अप्रैल को दे दिया। यह आदेश जर्जर सामुदायिक भवन को ढहाने का था, मगर सरपंच पति ने 12 अप्रैल को स्कूल की बिल्डिंग जमींदोज करवा दी। जर्जर सामुदायिक भवन आज भी सुरक्षित खड़ा है और उसमें राशन दुकान संचालित हो रही है। जर्जर सामुदायिक भवन की बजाए शाला भवन नेस्तनाबूद करने की जानकारी देने पर एसडीएम बहोरीबंद का कहना है कि अब हम पहले नोटिस जारी करेंगे फिर इस पर कोई कार्रवाई करेंगे।

### सरपंच पति के साथ दो पुलिसकर्मी भी रहे मौजूद

12 अप्रैल को मिडिल स्कूल ईपीईएस में परीक्षा समाप्त होने के बाद विद्यार्थी जैसे ही घरों को गए तो वहां पर इमलिया के सरपंच पति जेसीबी लेकर पहुंच गएद्य उनके साथ एक दो पुलिसकर्मी भी थे द्य सरपंच पति ने शाला प्राचार्य या स्टाफ से बात तक नहीं की और स्कूल का एक कमरा ढहाने लगेद्य यहां पर विद्यार्थी अपनी साइकिल खड़ी करते थे। प्राचार्य ने पूछा तो सरपंच पति ने कहा कि भवन जर्जर है और गिराने का आर्डर उनके पास है। प्राचार्य स्तब्ध रह गए क्योंकि यह बहुत मजबूत भवन था जिसे जर्जर बताकर सरपंच पति मिट्टी में मिला रहे थे। प्राचार्य ने तुरंत जनपद पंचायत के सीईओ व बीईओ को सूचना प्रतिवेदन भेजा दोनों ही विभागों से कोई नहीं पहुंचा।




# कोतवाली थाने के बाहर पुलिस की वाहन चैकिंग, कटे चालान

**कटनी, यशभारत।** कटनी में कोतवाली थाने के बाहर पुलिस ने वाहन चैकिंग अभियान चलाया। जांच के दौरान पुलिस वाहन चालकों के लाइसेंस और वाहन के दस्तावेज देख रही थी। जिसके पास दस्तावेज नहीं थे उसके खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही तीन सवारी वाहनों और बगैर हेलमेट लगाए वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई कर जुर्माना वसूल किया गया। पुलिस ने बताया कि कोतवाली थाने के बाहर वाहन चैकिंग के दौरान करीब 40 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते दस हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। वाहन चालकों के ड्रायविंग लाइसेंस और वाहनों के दस्तावेजों की जांच की गई। लाइसेंस और दस्तावेज नहीं होने पर वाहन चालकों के चालान काटकर जुर्माना वसूल की करने की कार्रवाई की गई। इसके अलावा दो पहिया वाहनों में तीन सवारी बैठाने पर भी कार्रवाई की गई। साथ ही हिदायत दी गई कि दो पहिया वाहनों में तीन सवारी नहीं बैठाएं। ऐसा किए जाने से हादसे की आशंका बनी रहती है। साथ ही दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाकर वाहन चलाने की हिदायत भी दी गई है।



## डा. जीतेन्द्र लोधी द्वारा महाकौशल में पहली बार दूरबीन द्वारा टखने (Ankle) का सफल ऑपरेशन



**जबलपुर, यशभारत।** शहर के भरोसेमंद श्री मन्नूलाल जगन्नाथ ट्रस्ट अस्पताल ने फिर एक बार चिकित्सा तकनीकी में नया कदम बढ़ाया। स्पोर्ट्स इंजुरी स्पेशलिस्ट डा. जीतेन्द्र लोधी द्वारा एक मरीज के टखने का ऑपरेशन दूरबीन (Arthroscopy) पद्धति से किया। संतोष झारिया नाम का मरीज सैपुरा निवासी है। कुछ वर्षों से वह टखने और पंजे के दर्द से परेशान था। टखने में परेशानी से मरीज के पंजे की चाल कम हो गई थी। यहां तक कि मरीज सही तरीके से उकडू नहीं बैठ पा रहा था। डा.जीतेन्द्र सिंह लोधी से परामर्श एवम जांचों के बाद पता लगा की टखने की हड्डी बढ़ी हुई है, जो की परेशानी का मुख्य कारण है। मरीज को न के बराबर चीरा लगा के बढ़ी हुई हड्डी को दूरबीन द्वारा अलग करने का महत्व समझाया गया, जिसके लिए मरीज राजी हो गया। इस ऑपरेशन को अस्पताल के शकुशल हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. जीतेन्द्र सिंह लोधी एवम निश्चेतना विशेषज्ञ डा. राजेश मिश्रा द्वारा सफलता पूर्वक अंजाम दिया गया। विगत दिनों इन्ही दो डॉक्टर की टीम ने 110 वर्षीय महिला की हड्डी टूटने का सफल ऑपरेशन भी किया था। अतः अब महाकौशल के मरीजों को हड्डी संबंधित एवम अन्य रोगों के नयी तकनीकि से इलाज के लिए दूसरे बड़े शहर जाने की जरूरत नहीं है। अपने शहर जबलपुर में इलाज संभव है।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी,मंगलवार, 18 अप्रैल 2023

आप तक आपका प्रिय अखबार यश भारत नहीं पहुंच रहा हो तो हमें शीघ्र सूचित करें
फोन- 230033, मो. 9425362893, 8839684296
कार्यालय:- कचहरी चौक, कटनी

## रिजल्ट आया नहीं, स्कूलों में मनाया प्रवेशोत्सव

### आयोजन को लेकर शिक्षकों, पालकों और बच्चों में रही असमंजस की स्थिति

**कटनी, यशभारत। पांचवी और आठवी की परीक्षाओं के साथ ही अन्य कक्षाओं का रिजल्ट अभी घोषित नहीं हुआ है और राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देश पर सोमवार को जिले की शालाओं में नवीन शैक्षणिक सत्र का आगाज हो गया। स्कूलों में प्रवेशोत्सव का आयोजन करते हुए नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत किया गया। यही कारण रहा कि कुछ स्कूलों में प्रवशोत्सव के दौरान छात्रों की उपस्थिति न के बराबर थी। विदित हो कि सोमवार को 8वीं बोर्ड परीक्षा का अंतिम प्रश्न पत्र था।**

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश पर जिले में नवीन शैक्षिणक सत्र का सोमवार से आगाज हुआ। स्कूलों में प्रवेशोत्सव का आयोजन करते हुए विद्यार्थियों का

#### बच्चों को लगाया तिलक, प्रयास पुस्तिका भेंट कर दिलाया प्रवेश

प्रवेश कराया गया। जिले की सभी प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों में प्रवेश उत्सव आयोजित हुआ। स्कूल पहुंचे बच्चों को शिक्षक शिक्षिकाओं ने तिलक लगाया। इस दौरान बच्चों में भी खुशी का माहौल रहा, हालांकि पहली कक्षा के बच्चे बड़ी मुश्किल से अभिभावकों के साथ स्कूल पहुंचे। उल्लेखनीय है कि इस सत्र में 1 लाख 30 हजार बच्चों को कक्षा पहली से आठवी तक 1808 स्कूलों में प्रवेश दिलाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रवेशोत्सव अभियान 30 अप्रेल तक जारी रहेगा, इसके बाद 16 जून से शुरू होगा। गौरतलब है कि प्रवेशोत्सव के दौरान बच्चों को प्रयास पुस्तक, दक्षता उन्नयन पुस्तक, एट-ग्रेट पुस्तक सहित कक्षाओं की पुस्तकें पाठ्य पुस्तक निगम की दी जानी थी लेकिन अभी पुस्तकें नहीं आईं है। पुराने बच्चों की प्रयास पुस्तकें व पुरानी बची पुस्तकें भेंटकर ही प्रवेशोत्सव मनाया गया। गौरतलब है कि सोमवार को कक्षा 5वी एवं 8वी की परीक्षा का समापन हुआ है। परीक्षा पूरी नहीं हुई और बीच में ही प्रवेशोत्सव चालू हो गया। परिणाम नहीं आने से अभिभावकों में असमंजस की स्थिति रही। स्कूलों में गर्मी में कूलर, पंखे, शीतल पेयजल का इंतजाम नहीं है। अव्यवस्थाओं के बीच स्कूलों में अध्ययन के लिए नौनिहाल मजबूर हैं।

#### नवप्रवेशी बच्चों का किया स्वागत

बहोरीबंद के सरकारी प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया गया। प्रवेशोत्सव के समय विद्यार्थियों को तिलक लगाकर प्रवेश दिलाया गया। साथ ही विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण की गई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कूड़ा मर्दानगढ़ में प्राचार्य राजेंद्र राय द्वारा कक्षा 1 से लेकर 8वीं तक के विद्यार्थियों को तिलक लगाकर पुस्तके भेंटकर अगली कक्षाओ में प्रवेश दिलाया गया।

#### इनका कहना है

जिले के सभी स्कूल में प्रवेशोत्सव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पुरानी प्रयास प्रस्तुकें भेंट की गई हैं। पढ़ाई के लिए नवंबर माह तक पुस्तकें आएंगी। अभी प्रयास, एट-ग्रेट एवं दक्षता उन्नयन की ही पढ़ाई चलेगी। **-के के डेहरिया, डीपीसी**

#### बालिका छात्रावास बड़गांव में कार्यक्रम



नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास बड़गांव विकासखंड रीठी में नवीन शैक्षणिक सत्र उल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर वार्डन अनीता श्रीवास्तव व सहायक वार्डन ऊषा उपाध्याय ने छात्रावास में नव प्रवेशी छात्राओं को तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं, स्टाफ, पालकों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

## पाली हाऊस निर्माण के नाम पर तीन लाख की धोखाधड़ी

### 26 लाख 88 हजार की सब्सिडी का दिखाया था सब्जबाग

**कटनी, यशभारत। करीब 40 लाख रूपए की लागत से बनने वाले पाली हाऊस निर्माण के लिए अनुबंध करने और तीन लाख रूपए की राशि लेने के बाद धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इस पूरे मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई है। एसपी ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।**

**कस्तूरी फ्लावर्स चिपलून, रत्नागिरी के मार्केटिंग मैनेजर के खिलाफ एसपी से शिकायत**

इस संबंध में ग्राम सुडौर तहसील शाहनगर निवासी सुनील कुमार राय ने सुनीता बाई राय की ओर से एसपी को दी गई शिकायत में बताया कि कस्तूरी फ्लावर्स चिपलून, रत्नागिरी के मार्केटिंग मैनेजर अमोल निघोट द्वारा पाली हाउस निर्माण कराने के लिये विगत 8 जुलाई 2021 को अनुबंध पत्र निष्पादित कराया गया। एग्रीमेंट के बाद 1 लाख रूपये खाते में नगद जमा कराए गए और 2 लाख रुपये नगद प्राप्त कर पाली हाउस का निर्माण कराने संबंधी प्रलोभन देकर राशि हड़प ली गई। अब फोन भी नहीं उठा रहा है। शिकायत में बताया गया है कि अनावेदक द्वारा ग्राम सुडौर पटवारी हल्का नंबर 22 शाहनगर तहसील शाहनगर स्थित भूमि खसरा नंबर 1479 रकवा 2.78 हेक्टेयर में से 44 हजार वर्गफुट भूमि का अनुबंध किया था। अनावेदक द्वारा पाली हाउस निर्माण की लागत 40 लाख रुपये तय की गई थी। पाली हाउस से प्राप्त होने वाली सब्सिडी 26 लाख 88 हजार रूपये अनावेदक को आरटीजीएस के द्वारा देना तय किया जाकर अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया था किन्तु उपरोक्त नगद राशि लेने के बाद अनावेदक द्वारा कोई संपर्क नहीं किया गया, न ही आवेदक का फोन उठाया जा रहा है। बताया जाता है कि दो आधार कार्ड अलग-अलग बनवाकर फर्जी तरीके से रकम ली जा रही है। कटनी में कई अन्य लोगों के साथ भी धोखाधड़ी की गई है। एसपी अभिजीत रंजन से कस्तूरी फ्लावर्स चिपलून, रत्नागिरी के मार्केटिंग मैनेजर अमोल निघोट के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की गई है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में 15 दिन से बंद समग्र आइडी पोर्टल, परेशान हो रहे हितग्राही

**समग्र आईडी में नाम जुड़वाने, कटवाने, चालू कराने, मोबाइल नंबर बदलवाने, पता सुधारवाने, आधार से लिंक कराने सहित नहीं हो रहे कोई काम**

**कटनी, यशभारत।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही लाड़ली बहना योजना में बहनों की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही है। सरकारी सिस्टम की खामियों से स्कीम के चलते समग्र आइडी पोर्टल नहीं चलने से छात्रों के विद्यालयों में प्रवेश,छात्रवृत्ति, आईडी में नाम जोड़ने व लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित अन्य कार्य प्रभावित हो रहे, वहीं प्रदेश सरकार ने भी योजना में अन्य राज्यों के लोग शामिल न हो, इसके लिए समग्र आइडी के पोर्टल को ही बंद कर दिया है। इससे हर दिन ग्राम पंचायतों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। विदित हो कि सोमवार से नया शिक्षा सत्र भी शुरू हो गया है। ऐसे में स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर छात्र व अभिभावक समग्र आइडी में नाम जुड़वाने, नई आइडी बनवाने के लिए पहुंच रहे है पर पोर्टल नहीं चलने से उनकी आइडी नहीं बन पा रही है। सरपंच, सचिवों का कहना है कि अब समग्र आइडी में भी सख्ती शुरू हो गई है। तभी तो 15 दिन से समग्र आइडी पोर्टल बंद हो गया है। ज्यादातर आइडी में नाम सदस्यों के नाम जुड़वाने व कटवाने के साथ चालू कराने, मोबाइल नंबर बदलवाने, पता सुधारवाने, आधार से लिंक कराने के रहते हैं। लाड़ली बहना योजना में अपना नंबर जल्दी आ जाए इसलिए महिलाएं सुबह घर का चौंका-चूल्हा छोड़कर पहले बैंक व ग्राम पंचायत की ओर से लगाए गए शिविर में जा रही हैं। यहां कतार में भूखी.प्यासी सुबह से शाम तक खड़ी हो रही है। कारण सिर्फसर्वर की समस्या। सोमवार को ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद में सर्वर की समस्या के चलते महिलाएं परेशान हुई। सर्वर कब आ जाए इसकी आस में परेशान होती दिखी। दोपहर 1 बजे के बाद सर्वर शुरू हुआ वह भी धीमे गति से। समग्र सुरक्षा विस्तार अधिकारी धीरेंद्र सिंह ने बताया कि अभी शासन स्तर से समग्र आइडी का पोर्टल बंद है। जैसे ही पोर्टल चालू होगा समग्र आइडी में नाम जोड़ने व हटाने का काम शुरू हो जाएगा।

### मांगों के निराकरण के लिए सीएम के नाम ज्ञापन सौंपेगा लघु वेतन कर्मचारी संघ

**कटनी, यशभारत।** मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष पूर्णेश उइके, प्रांतीय सचिव अजय गौतम एवं मीडिया प्रभारी मोहित बर्मन ने बताया कि प्रान्तीय आव्हान पर 17 सूत्रीय मांगों के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव के नाम 20 अप्रैल को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन को तृतीय कर्मचारी संघ, लिपिक संघ, मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ, वाहन चालक कर्मचारी संघ, मप्र पेंशनर्स एसोसिएशन मिलकर सौंपेंगे। जिलाध्यक्ष के साथ ही राकेश जसूजा, कामता चौधरी, मनोज श्रीवास, नीलेष पौराणिक, हरीश बेन, धर्मेन्द्र राज, अजमुद्दीन, बलराम सिंह, श्याम झारिया, ज्ञानेन्द्र पांडेय, कमलेश पांडेय, शकुन उसरेठे, रत्ना ठाकुर ने सभी से पहुंचने की अपील की है।

### बस स्टैण्ड में मुसाफिरों को मिलेगा शीतल जल



बस स्टैंड में मुसाफिरों को शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए पंडित विजय प्रकाश मिश्र की स्मृति में सार्वजनिक शीतल जल के प्याऊ का शुभारंभ महाकाल सरकार सेवा समिति के अध्यक्ष प्रदीप द्विवेदी और कटनी डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुयश पुरवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर युवा समाजसेवी शुभ प्रकाश मिश्र, कुशल प्रकाश मिश्र सहित अन्य युवाओं की उपस्थिति रही।

### जिला शहर कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्ति

#### कमल एवं ईश्वर को कमान

**कटनी, यशभारत।** आगामी नवंबर माह में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस में नई नियुक्तियां की जा रही हैं। नियुक्तियों के साथ ही कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जा रहा है। इसी कड़ी में मप्र कांग्रेस के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की अनुमति से जिला संगठन प्रभारी रमेश चौधरी एवं सह प्रभारी महेश गुलवानी द्वारा शहर कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम खंपरिया की अनुशंसा पर राजीव गांधी ब्लॉक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल पांडेय एवं उप ब्लॉक में पार्षद ईश्वर बहरानी को नियुक्ती की है। इनकी नियुक्ति पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं, महिला कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

## 5 ओवर लोड हाइवा जब्त, लगाया जुर्माना



### पुलिस अधीक्षक ने दिए थे कार्रवाई के निर्देश

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** विगत दिवस पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने विजयराघवगढ़ और कैमोर थानों का निरीक्षण करते हुए यातायात नियमों को ताक पर रखने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया था। परिपालन में एसडी ओपी उमराव सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल पुलिस बल को साथ लेकर लगातार नगर परिषद क्षेत्र के व्यापारियों को समझाइश के बाद अब चालानी कार्रवाई भी शुरू की गई है। थाना प्रभारी ने टीम के साथ विजयराघवगढ़.कटनी मुख्य मार्ग पर कार्रवाई की। तीन हाइवा गिट्टी के ओवर लोड एवं एक हाइवा मुरुम का ओवर लोड रोककर कर कार्यवाही करते हुए दो हाइवा के सत्रह.सत्रह हजार रुपए एवं दो हाइवा पर 16-16 हजार रुपए जुर्माना किया गया। चारों वाहनों पर 66 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। उक्त चालानी कार्रवाई में थाना प्रभारी विजय बघेल सहित उप निरीक्षक विनोद सिंह, प्रधान आरक्षक कमलेश बैरागी, सोमनाथ शर्मा, पप्पू प्रजापति की भूमिका रही।

## प्रदेश सरकार की कुनीतियों के खिलाफ आवाज उठाएं कांग्रेस कार्यकर्ता

### पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन वर्मा का कटनी अल्प प्रवास, कांग्रेस नेताओं ने किया स्वागत



**कटनी, यशभारत।** मप्र शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन वर्मा का मैहर से जबलपुर जाते समय कटनी अल्प प्रवास हुआ, जिस पर कांग्रेस जनों द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर के समक्ष गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। स्थानीय पार्षद वंदना यादव द्वारा महिलाओं के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएँ आम जन एवं कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूर्व मंत्री श्री वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि आने वाली सरकार कांग्रेस की कमलनाथ के नेतृत्व में बनेगी और कटनी समेत प्रदेश का का सर्वांगीण विकास होगा। कटनी कांग्रेस की टीम भाजपा सरकार के अन्याय के खिलाफ लगातार आवाज उठाती है, इसकी सराहना की। स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहर अध्यक्ष विक्रम खंपरिया, मोहन बत्रा, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनु दीक्षित, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंशू मिश्रा, राजकिशोर यादव, कमल पांडेय, ईश्वर बहरानी, आनंद पटेल, अनिल तिवारी, नीरज बघेल, श्याम तिवारी, हरिशंकर शुक्ला, सुरेंद्र दुबे, तुलाराम गोंटिया, विनीत जायसवाल, रौनक खंडेलवाल, सुनील श्रीवास, दीपक केसरवानी, रोहित द्विवेदी, संतोष यादव, शुभम मिश्रा, शशांक गुप्ता, सचिन गर्ग, अजय खटीक, अभिषेक प्यासी, हरीश यादव, राहुल होतवानी, सोनू पांडेय, विनोद चिरौलिया उपस्थित रहे।



## बड़ी ईदगाह में रोजा अफ्तार का आयोजन

**कटनी, यशभारत।** युवा मुस्लिम एकता सोसाइटी द्वारा आदर्श कॉलोनी स्थित बड़ी ईदगाह में 24वां रोजा इफ्तार बरोज रविवार को संध्या 6 बजकर 34 मिनट पर मगरिब के समय ईदगाह में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी रोजेदारों को इफ्तार कराया गया। कटनी ईदगाह में रोज इफ्तार करने बड़ी संख्या रोजेदार शामिल हुए। इस अवसर पर युवा मुस्लिम एकता सोसायटी के अध्यक्ष गुलाम जव्वाद ने सभी रोजेदारों के लिए रोजे इफ्तार की व्यवस्था अपनी कमेटी के तरफ से किये जाने की जानकारी दी।

### स्लीमनाबाद में गेहूं की खरीदी प्रक्रिया शुरू

**कटनी, यशभारत।** रबी विपणन वर्ष के तहत समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी प्रक्रिया भोलाराम वेयर हाउस में बनाए गए स्लीमनाबाद उपार्जन केंद्र में सोमवार से शुरू हुई। सोमवार को यहां 24 किसानों से 2950 क्विंटल गेंहू उपज अब तक खरीदी हुई।

**किराए से देना है**

एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।

संपर्क-8109417340

**नीरज सिनेप्लेक्स में**

**ऑल इंडिया रिलीज**




रोजाना 4 शो ता. 21 से 12,3,6 एवं रात्रि 9 बजे से

ईद के अवसर पर आ रहा है, आपका भाई और आपकी जान धमाकेदार एन्ट्री के साथ सपरिवार देखने योग्य फिल्म

**किसी का भाई किसी की जान**

कलाकार- सलमान खान, पूजा हेगड़े, शहनाज गिल, वेंकटेश, अभिमन्यु सिंह आदि।

नोट- एडवांस बुकिंग 18 अप्रेल से चालू है

Rate card
Box....120/-
Balcony....100/-
Upper...80/-
Lower...80/-

**सिटी मॉल बरही रोड में**

ऑल इंडिया रिलीज

21 अप्रेल से

रोजाना 6 शो




09.00 AM (AUDI-1)
12.00 PM (AUDI-1)
04.00 PM (AUDI-2)
06.00 PM (AUDI-1)
07.00 PM (AUDI-2)
10.00 PM (AUDI-2)

Rate card
Diamond class...300/-
Platinum class...250/-
Gold class..........200/-
Silver class.........150/

**किसी का भाई किसी की जान**

वैसे आपका नाम क्या है.. मेरा कोई नाम नहीं है ,लेकिन मैं भाईजान नाम से जाना जाता हूं

Tickets Available on Book My Show


एडवांस बुकिंग चालू है, संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**

ऑल इंडिया रिलीज

21 अप्रेल से

रोजाना 4 शो




10.00 AM (AUDI-2)
01.00 PM (AUDI-2)
03.00 PM (AUDI-1)
09.00 PM (AUDI-1)

**चेंगिज**

कलाकार- जीत, सुस्मिता चेटर्जी, रोहित राय आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

mgm HOSPITAL

कटनी में पहली बार सुपर स्पेशिलटी स्वास्थ्य सेवाएं

नागपुर,दिल्ली, कलकत्ता, मुंबई के विशेषज्ञ चिकित्सक कटनी में प्रतिदिन उपलब्ध

**एम.जी.एम.हॉस्पिटल कटनी**

डॉ. एस.के.गुप्ता — दिल्ली के वरिष्ठ न्यूरो-स्पाइन सर्जन

डॉ. एस.के.सिंह — (GEN. & Laparoscopy Surgeon) कलकत्ता के वरिष्ठ पेट रोग विशेषज्ञ तथा जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जन

डॉ. पंकज गुप्ता — M.B.B.S., M.S. (ORTHO) Bone & Fracture Specialist फ्रैक्चर एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ

सुपर स्पेशिलटी सुविधायें 24 घंटे उपलब्ध है
CT Scan
M.R.I.
एंजियोग्राफी
एंजियोप्लास्टी
दूरबीन सर्जरी
डायलसिस

डॉ. रवि कुमार — M.B.B.S., M.D. (MEDICINE) कंसलटेंट फिजिशियन

डॉ.मानसी गुप्ता — मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ

डॉ. सुचित्रा — स्त्री रोग विशेषज्ञ, IVF स्पेशलिस्ट

24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं

कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी 07622-405070 9424957890

07622 405070 | www.facebook.com/mgmhc | @mgmkatni | mgmhc | mgmhospitalkatni | www.mgmhospitalkatni.com | info@mgmhospitalkatni.com

# अस्पतालों में भी हो सकेगी स्वाइन फ्लू, डेंगू और कोरोना की जांच

**भोपाल यशभारत। कोरोना, स्वाइन फ्लू, डेंगू, जीका वायरस जैसी संक्रामक बीमारियों की जांच में अब देरी नहीं होगी। वजह, सभी जिला अस्पतालों में बीमारी के लिए जिम्मेदार वायरस का पता लगाने के लिए लैब तैयार की जा रही हैं। यह काम चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।**



पहले चरण में इस वर्ष के अंत तक 17 जिला अस्पतालों में लैब शुरू करने की तैयारी है। इनमें छह को पिछले वर्ष और बाकी को इस वर्ष चिन्हित किया गया है। वर्ष 2024-25 तक प्रदेश के 35 जिला अस्पतालों में पब्लिक हेल्थ लैबोरेट्री बनाई जाएंगी। एक लैब बनाने में सवा करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह लैब तैयार होने के बाद जिला अस्पतालों में पहली से चल रही लैब को भी इसमें मिलाकर एकीकृत लैब बनाई जाएगी। अभी कई जिला अस्पतालों में पैथोलाजी, माइक्रोबायोलाजी, बायोकेमेस्ट्री आदि लैब अलग-अलग स्थान पर हैं। इसका रोगियों को यह नुकसान होता है कि उन्हें अलग-अलग जांच के लिए कई बार सैंपल देना होता है। एकीकृत लैब होने पर यह दिक्कत दूर हो जाएगी। इन लैब में जांच की गुणवत्ता बेहतर रखने के लिए न्यूनतम क्षेत्र, कर्मचारियों की संख्या, मशीनों के लिए मापदंड तय किए गए हैं। कम से कम चार हजार वर्गफीट क्षेत्र की जगह रहेगी।

### बैक्टीरिया से होने वाली बीमारियों का भी पता चलेगा

इन लैब में माइक्रोबायोलाजी की जांचें भी अच्छी गुणवत्ता के साथ हो सकेंगी। कल्चर टेस्ट हो सकेंगे, जिसमें यह पता चलेगा कि रोगी के शरीर में मौजूद बैक्टीरिया के संक्रमण में कौन सी दवा बेहतर ढंग से प्रभावी होगी और कौन सही नहीं होगी। इससे यह पता करना भी आसान हो जाएगा कि जीवीणुओं पर एंटीबायोटिक दवाओं का असर किस तरह से कम हो रहा है।

### पहले चरण में यहां बनेंगी लैब

भोपाल, जबलपुर, रायसेन, सिंगरौली, बालाघाट, विदिशा, बैतूल, उज्जैन, छतरपुर, खंडवा, दमोह, बड़वानी, शिवपुरी, गुना, झाबुआ, सिवनी और टीकमगढ़।

## नरोत्तम का नाथ बड़ा हमला

# बोले- आपको आदिवासियों की रानी नहीं सिर्फ इटली की महारानी नजर आती हैं

■ भोपाल, यशभारत।



रानी कमलापति को लेकर भाजपा कांग्रेस पर लगातार हमलावर हैं। सोमवार को गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कमलनाथ पर जमनकर निशाना साधा। मिश्रा ने कहा कि आपको आदिवासी समाज की गौरव रानी कमलापति नजर नहीं आती है, आपको तो सिर्फ असली इटली की महारानी ही नजर आती है। मिश्रा ने कहा कि सोनिया गांधी जी को अपनी स्थिति स्पष्ट करना चाहिए कि वह कमलनाथ जी के मत से सहमत है या असहमत है। मैं कमलनाथ जी के बयान की निंदा करता हूं। उनको सार्वजनिक रूप से माफी मांगना चाहिए। बता दें गोविंद सिंह के बयान पर कमलनाथ ने कहा था कि भाजपा नए नए नाम ला रही है। फर्जी नाम जोड़ रही हैं। कांग्रेस की छलावा समिति की बैठकमध्य प्रदेश कांग्रेस की वचन समिति की बैठक को लेकर नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि वो वचन पत्र नहीं छलावा पत्र है। पिछले पत्र में भी वो छलावा दे चुके हैं। इस बार उसकी पुनरावृत्ति करने की कोशिश है। मिश्रा ने दिग्विजय सिंह के 60 सीटों की जिम्मेदारी देने की चर्चा पर कहा कि वह मान चुके है कि यह सीटें हार गए है।। 170 के लिए लड़ाई लड़ने की बात कर रहे हैं, जहां हार उन्होंने स्वीकार कर ली है। कमलनाथ वातानुकूलित कमरों में बैठ जाते है। जनता के बीच में कभी जाते नहीं है। फिर वचन पत्र के नाम पर छल करते हैं। अब नकाब उतर चुका है। उनका गेम ओवर हो चुका है। जनता जान चुकी है कि यह छलावा समिति की बैठक है।

### घोषणा पत्र सिर्फ री-प्रिंट होने वाला है

कमलनाथ की भोजपुरी समाज और सेन समाज की घोषणा पर गृहमंत्री ने तंज करते हुए कहा कि यह जानते हैं कि उनकी सरकार आना नहीं है, लेना देना कुछ नहीं है बस सिर्फ जनता में भ्रम पैदा करना है। छलावा पैदा करना है। मिश्रा ने कहा कि पिछली बार की तरह इस बार इनकी बातों में जनता आने नहीं वाली है। कागजी पुलिंदा है, इनका घोषणा पत्र बस री-प्रिंट होने वाला है तारीखें चेंज होने वाली है बाकी सब पुराना है। नेताओं को अलग-अलग क्षेत्र की जिम्मेदारी देने पर मिश्रा ने कहा कि अभी तक एक दर्जन यात्राओं को हरी झंडी दिखाई।

# एनडीए में पहला पेपर गणित का कठिन रहा दूसरा सामान्य रहा



■ भोपाल, यशभारत।

**संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से रविवार को दो परीक्षा आयोजित की गई। इसमें कुछ केंद्रों पर संयुक्त रक्षा सेवाएं (सीडीएस) की परीक्षा थी।कुछ केंद्रों पर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) व नौसेना अकादमी (एनए) की परीक्षा आयोजित की गई।**

एनडीए की परीक्षा हर साल दो बार आयोजन की जाती है। दोनों परीक्षाएं राजधानी के 25 केंद्रों पर आयोजित की गई। एनडीए परीक्षा दो पाली में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर दो से शाम चार बजे तक आयोजित हुई।दोनों पाली में 69 प्रतिशत उपस्थिति रही। राजधानी के एमएलबी महाविद्यालय, माइलस्टोन पब्लिक स्कूल, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल,जान बोस्को पब्लिक स्कूल,जेपी कान्वेंट स्कूल,सरस्वती विद्या मंदिर,ट्रुबा कालेज सहित अन्य निजी स्कूल व कालेजों में एनडीए परीक्षा के केंद्र बनाए गए थे।दोनों परीक्षाओं में करीब आठ हजार अभ्यर्थी शामिल हुए। एनडीए की परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि पहला पेपर गणित का काफी कठिन लगा। वहीं दूसरा पेपर जनरल एबिलिटी का सामान्य था।

सीडीएस की परीक्षा तीन पाली में हुई सीडीएस की परीक्षा में करीब 55 प्रतिशत उपस्थिति रही। पहली पाली सुबह नौ से 11 बजे तक, दूसरी पाली दोपहर 12 से दो बजे तक और तीसरी पाली तीन से शाम पांच बजे तक हुई।

### इनका कहना

-पहला पेपर गणित का था। इसमें 120 प्रश्न पूछे गए थे। कुछ प्रश्न मैट्रिक्स के आउट आफ लेवल का था। वहीं दूसरा पेपर जनरल एबिलटी का आसान रहा। इसमें 150 प्रश्न पूछे गए थे।

**अनमोल मेहरा, विद्यार्थी**

-पहला पेपर गणित का थोड़ा कठिन लगा।दूसरा पेपर जनरल एबिलिटी का था। इसमें सभी विषय से प्रश्न पूछे गए थे, जिसमें जीवविज्ञान और सामान्यज्ञान के प्रश्न कठिन थे।अंग्रेजी के प्रश्न आसान थे।

**अक्षत तिवारी, विद्यार्थी**

## पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निवास पर हुई कांग्रेस वचन पत्र समिति की बैठक

# पुरानी पेंशन बहाली, 500 में सिलेण्डर, 1500 रू. महिलाओं को प्रतिमाह दिये जाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों होंगे शामिल

■ भोपाल, यशभारत।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ जी के निवास पर आज वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में शामिल घोषणाओं के लिए कांग्रेस वचन पत्र समिति की महत्वपूर्ण बैठक कमलनाथ जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। वचन पत्र समिति की बैठक करीब ढाई घंटे तक चली, जिसमें विधानसभा चुनाव में शामिल करने वाले मुद्दों पर गहन चर्चा हुई और बैठक में वचन पत्र समिति में निर्णय लिया गया कि वचन पत्र के लिए एक बैठक और होगी, जिसमें अंतिम निर्णय लिया जायेगा।

बैठक के बाद पूर्व वित्त मंत्री एवं कांग्रेस विधायक तरूण भानोट ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि वचन पत्र समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं, जिसमें माननीय कमलनाथ जी द्वारा पूर्व में की गई घोषणाओं, जैसे 500 रू. में गैस सिलेण्डर, 1500 रू. महिलाओं को प्रतिमाह, कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाली योजनाएं तो शामिल की गई हैं, साथ ही कमलनाथ सरकार के दौरान की गई कर्ज माफी योजना, बिजली मुद्दें को लेकर कहा कि जैसे पहले बिजली के बिल कम से कम आते थे वैसे ही आयेंगे, जैसे विभिन्न प्रस्ताव वचन पत्र में शामिल होंगे। वहीं स्थानीय मुद्दों को दृष्टिगत रखते हुये कांग्रेस पार्टी हर जिले के लिए अलग-अलग वचन पत्र तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में गेमचेंजर साबित होगा कांग्रेस पार्टी का वचन पत्र।

श्री भानोट ने कहा कि कांग्रेस के वचन पत्र में सभी वर्गों का पूरा ख्याल रखा गया है, पूर्व की अधिकांश जनहितेषी योजनाएं वचन पत्र में शामिल रहेगी, गौशाला निर्माण, शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, किसान, धार्मिक स्थानों का उत्थान, सामाजिक परिवेश, रोजगार, कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा आदि विभिन्न मुद्दों पर बैठक में चर्चा हुई। वचन पत्र ग्रामीण क्षेत्रों के लिए ग्रामीण स्तर पर और शहरी क्षेत्र के लिए शहरी स्तर पर आवश्यकता अनुरूप अलग-अलग योजनाएं बनायी जायेंगी।

कांग्रेस वचन पत्र समिति की बैठक में कांग्रेस वचन पत्र समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, पूर्व मंत्रीगण सज्जन सिंह वर्मा, मुकेश नायक, एन.पी. प्रजापति, बाला बच्चन, अजीता वाजपेयी पाण्डेय, पारस सखलेचा, वचन पत्र समिति के सदस्य बी.के. बाथम, मीडिया उपाध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता, सैयद जाफर सहित समिति के अन्य सदस्य शामिल थे।

# ब्राह्मण समाज का महाकुंभ चार जून को, ताकत दिखाने 10 लाख लोगों को एकत्रित करने लिया संकल्प

■ भोपाल, यशभारत।



इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में सामाजिक संगठन अपने-अपने जनप्रतिनिधियों को टिकट की मांग करने के लिए ताकत दिखा रहे हैं। सिंधी समाज, साहू, चौरसिया, यादव समाज के बाद अब ब्राह्मण समाज ने भी ताकत दिखाएगा। इसके लिए 10 लाख ब्राह्मण समाज के लोग एकत्रित होंगे। ब्राह्मण समाज का महाकुंभ चार जून को भोपाल में आयोजित किया जाएगा। यह निर्णय गुफा मंदिर मानस भवन में हुई बैठक में लिया गया। इस आयोजन को लेकर निर्विरोध रूप से गौरी शंकर शर्मा( काका ) को ब्राह्मण समाज मप्र का प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। काका ने बताया कि महाकुंभ को लेकर अभी जगह चिहिन्त नहीं की गई। लाल परेड मैदान,भेल दशहरा मैदान सहित कुछ जगह चुनी हैं। सरकार जहां अनुमति दे दे। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान प्रदेशभर के करीब दस लाख से अधिक लोगों जुटाने के लिए समाज के प्रतिनिधियों ने संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर समाज के प्रतिनिधियों ने तय किया कि सम्मेलन के दौरान सरकार को 11 सूत्रों मांग पत्र सौंपा जाएगा। इसमें ब्राह्मण समाज के पुजारियों का मानदेय 5000 से 10000 पुजारियों को प्रदान देने, तो वहीं मठ मंदिरों से लगी जमीन जो सरकार के अधिग्रहण में है उसे मुक्त करने और ब्राह्मण आयोग का गठन मुख्य है। बैठक में प्रदेशभर से ब्राह्मण समाज के 1000 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि हमारा किसी भी राजनीतिक पार्टी के विरोध में नहीं है ना ही समर्थन में है यह समाज का एकजुटता का आयोजन है और इसमें समाज अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर एकजुटता का परिचय देगा। इस दौरान सिर्फ शासन से ब्राह्मण समाज को उपेक्षित नहीं करने को लेकर निवेदन किया जाएगा। इसके लिए कोर कमेटी का गठन किया गया है।

# फैशन एवं ज्वैलरी शो में महिलाओं ने उत्साह दिखाया



■ भोपाल, ईएमएस।

श्रंगार एवं आभूषण महिलाओं की पहली पसंद होती हैं। महिलाओं की नैसर्गिक सुंदरता को निखारने के उद्देश्य से संत हिरदाराम नगर में फैशन एवं ज्वैलरी शो का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र की महिलाओं ने खासी रूचि दिखाई। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर महिलाओं को पुरूस्कार प्रदान किए गए। सीहोर नाका स्थित आकाश पिकनिक हट में आयोजित इस शो में बड़ी संख्या में महिलाओं ने रैंप वाक किया। लेटेस्ट डिजायन किए हुए कपड़े पहनकर महिलाएं एवं युवतियों ने कैटवाक किया। समय के साथ बदल रहे फैशन के अनुसार युवतियां डिजाइनर परिधान पहनकर पहुंचीं थीं। कालेज स्टूडेंट, कामकाजी महिलाएं एवं गृहिणियों ने भी इसमें उत्साह के साथ भाग लिया। इस शो की खास बात यह थी कि निर्णायक मंडल में भी समाज की प्रबुद्ध महिलाएं शामिल रहीं। भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा की प्रदेशाध्यक्ष कविता इसरानी, हेयर स्टाइलिस्ट हिमानी लालवानी, बिजनेस वूमेन पिंकी सजदेव एवं मेकअप आर्टिस्ट स्वाति खिलरानी ने निर्णायक की भूमिका अदा की।

### संगीता मिस डायमंड, मान्या को मिस गोल्ड अवार्ड

निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों से चर्चा एवं ड्रेस व ज्वैलरी सैंस के मुताबिक अपना निर्णय लिया। धनलक्ष्मी ज्वैलरी फैशन शो में संगीता मंगलानी को मिस डायमंड, मान्या धर्मदासानी को मिस गोल्ड एवं मानस्वी सदारंगानी को मिस सिल्वर घोषित किया गया। तीनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी सुरेश संभानी, लखी साई गोस्वामी एवं कार्यक्रम संयोजक युविका संभानी, मुकेश संभानी आदि ने विजेताओं को अवार्ड एवं स्मृति चिह्न प्रदान किए। महिलाओं के बीच फन गेम्स, डांस शो एवं टंग टिविस्टर जैसे गेम्स भी हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक एवं महिलाएं शामिल हुई। निर्णायक मंडल की सदस्य कविता इसरानी, हिमानी लालवानी, पिंकी सजदेव एवं स्वाति खिलरानी का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर कविता इसरानी ने कहा कि महिलाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए इस तरह की गतिविधियां सहायक होती हैं। महिलाओं को रचनात्मक कार्यो में अग्रणी रहना चाहिए।

# कार ने मारी सांसद के वाहन को टक्कर कोहेफिजा थाने में दर्ज कराई एफआईआर




**भोपाल, ईएमएस। भोपाल की सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के वाहन को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। घटना पांच दिन पुरानी है, लेकिन पुलिस मामले की जांच करने में जुटी हुई है। पुलिस को सांसद ने कहा है कि उनके वाहन में टक्कर एक योजना के तहत मारी गई है। इससे इसकी जांच भी उसी तरह होना चाहिए।**

कोहेफिजा थाना पुलिस ने उनकी शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। वहीं उनकी कार को भी जब्त कर लिया है, पुलिस आरोपितों से पूछताछ करने में जुटी हुई है। पुलिस के मुताबिक सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर 13 अप्रैल की रात पौने दस बजे 74 बंगला बी 29 से कार से बैरागढ़ की ओर एक कार्यक्रम में भाग लेने जा रही थी। कार ड्राइवर अनूप चला रहा था। पीएसओ मनीष, उदय,धर्मेन्द्र, विवेक, पुष्पेन्द्र भी मेरे साथ कार मे थे। उनकी कार खानूगांव चौराहे से आगे लालघाटी के तरफ पहुंची, तभी एक कार ने तेजी से उनकी कार में पीछे से टक्कर मार दी और भाग गया। जिसके बाद मेरे ड्राइवर अनूप ने उस कार का पीछा कर उसे आगे जाकर रोका। टक्कर मारने वाली कार को रोकने के बाद पुलिस को सूचना दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को जब्त किया और चालक व कार में सवार तीन लोगों को हिरासत में ले लिया था।सांसद ने पुलिस को बताया कि उनकी कार को योजना के तहत टक्कर मारी गई है। इसके पीछे कोई साजिश भी हो सकती है। ऐसे में पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है, पुलिस पूछताछ में युवकों ने अपने नाम गुलरेज, आदिल, पंडित व एक अन्य बताया है। मामले की जांच कर रहे उपनिरीक्षक जनार्दन प्रसाद मिश्रा ने बताया कि आरोपितों की पहचान कर ली गई है। उनसे पूछताछ की जा रही है, जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने बताया कि वह एक बड़े प्रकरण में आरोप झेल रही हैं। उन्हें लगातार फोन पर धमकियां भी मिलती रही हैं। कई बार मैंने ऐसे लोगों पर प्रकरण दर्ज कराया है। मेरा जीवन में हमेशा ही ऐसे लोगों से जान का खतरा बना रहता है। इसलिए मुझे बाई स्तर की सुरक्षा दी गई है।

# पुराना खून चढ़ाने से हुई थी गर्भवती महिला की मौत

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी के एक निजी अस्पताल की लापरवाही का खामियाजा एक परिवार को भुगतना पड़ा, मरीज को पुराना खून चढ़ाए जाने से उसकी मौत हो गई है। बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन द्वारा इन निजी अस्पतालों एवं इनके लापरवाह डाक्टरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है। आधार अस्पताल में डाक्टर की लापरवाही से गर्भवती महिला की मौत का मामला छोला मंदिर थाना क्षेत्र में सामने आया था, जिसकी जांच में पुराना खून चढ़ाने से गर्भवती की मौत होने की पुष्टि हुई है।इससे पुलिस ने आधार अस्पताल की महिला डाक्टर के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक छोला के चांदबड़ क्षेत्र में रहने वाली 23 वर्षीय प्रियंका पति दीपक राय को उसके स्वजनों ने 15 अक्टूबर 2022 को डिलीवरी के लिए करोंद स्थित आधार अस्पताल में भर्ती कराया था। तब ही शाम करीब पांच बजे गर्भवती महिला की डिलीवरी कराई थी, उसने बेटे को जन्म दिया था। 16 अक्टूबर को महिला की तबीयत खराब होने से डा. रंजन पाराशर ने दोपहर दो बजे महिला को खून चढ़ा दिया था। इसके बाद रात साढ़े दस बजे महिला की तबीयत बिगड़ते ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया था। इसके बाद पुलिस ने जांच करते हुए स्वजन एवं डाक्टर के बयान दर्ज किए थे, जिसमें पता चला कि 15 अक्टूबर को महिला को खून चढ़ाने के लिए ब्लड बैंक से मंगवाया गया था।जिसे 16 अक्टूबर को दोपहर दो बजे लगभग 21 घंटे बाद चढ़ाया गया था। इससे महिला की तबीयत बिगड़ने के साथ ही मौत हो गई थी। जांच में यह भी सामने आया कि महिला को पुराना ब्लड चढ़ाया गया था। जिससे महिला को ब्लड ट्रांसफ्यूजन रिएक्शन हो गया था। इससे महिला की अचानक मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच और पीएम रिपोर्ट के आधार महिला डा. रंजन पाराशर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। हालांकि अभी तक पुलिस ने आरोपित डाक्टर को गिरफ्तार नहीं किया है।

# दस्तावेज सहित तमाम सबूत जुटा रही पुलिस, व्यापमं को लिखा पत्र


■ भोपाल, यशभारत।



एमपीनगर थाना पुलिस द्वारा एमपी स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन में हुई फर्जी भर्ती के मामले में पुलिस दस्तावेज सहित तमाम सबूत जुटा रही है।इस संबंध में पुलिस ने फेडरेशन कोनोटिस जारी भी किया है और व्यापमं को भी पत्र लिखकर भर्ती संबंधी दस्तावेज मांगे हैं। इन दस्तावेजों का पुलिस को इंतजार है, इनके आधार पर ही पुलिस आरोपितों के खिलाफ आगे की कार्रवाई करेगी।

पुलिस ने बताया कि भर्ती मामले में कई आरोपित शामिल हैं, जिनके बारे में सबूत जुटाना बेहद जरूरी है।जो समिति बनी है वह भी फर्जी है। पुलिस द्वारा पूर्व में कई बार भर्ती के संबंध में नोटिस जारी कर जानकारी मांगी गई थी, लेकिन एमपीसीडीएफ द्वारा किसी तरह की कोई जानकारी नहीं दी जा रही थी। इससे पुलिस ने 13 अप्रैल को आरोपित भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के सीईओ आरपीएस तिवारी, तत्कालीन प्रबंधक प्रशाससन शारदा जौहरी व तत्कालीन सहायक ग्रेड एक जयश्री रमेशन के खिलाफ विजय कुमार की शिकायत पर धोखाधड़ी की धारा के तहत प्रकरण दर्ज किया था।बता दें कि एमपीसीडीएफ ने भोपाल,इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, सागर व ग्वालियर दुग्ध संघ के लिए 296 कर्मचारियों की भर्ती के लिए व्यापमं से पात्रता परीक्षा कराई थी। इसके परिणाम 13 जुलाई 2016 को आए थे। सूची 18 महीने प्रभावी थी, इस अवधि में पात्र पाए गए अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया पूरी करनी थी, जिसे लटकाया गया। इसके कारण कई पात्र कर्मचारी भर्ती से वंचित रह गए। इसकी वैधता अवधि 13 जनवरी 2018 को खत्म हो गई थी। अवैध सूची को आधार बनाकर 22 सितंबर 2018 को पंकज पांड समेत 22 अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी गई थी।

> एमपीसीडीएफ भर्ती परीक्षा में हुए फर्जीवाड़े के मामले में जांच चल रही है। जिसमें दस्तावेज व अन्य सबूत जुटाए जा रहे हैं। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जाएगी।
>
> सुधीर अरजरिया, थाना प्रभारी एमपीनगर



# बिजली बिलों में गड़बड़ी को लेकर विधायक ने लगाई फटकार

## अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर अब शिविर लगाकर किया जा रहा बिलों में सुधार

**कैमोर/विजयराघवगढ़(यशभारत)।** पिछले कई महीने से मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को बिजली बिलों का वितरण नहीं किया जा रहा। विद्युत बिल का मैसेज सीधे मोबाईल पर भेजा जा रहा। बिना रीडिंग के मनमाने बिजली बिलों से उपभोक्ता परेशान हो रहे पर विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारी उपभोक्ताओं की कोई शिकायत सुनने को तैयार ही नहीं है। बहुत से उपभोक्ता मोबाईल तो रखते हैं पर न तो उनका नम्बर विद्युत वितरण कम्पनी के पास रजिस्टर्ड है ना ही उन्हें मेसेज के आधार पर बिलों का भुगतान करना आता है। ऐसे में उन्हें कई कई महीने अपने विद्युत बिल का पता ही नहीं रहता। बिल की राशि बढ़कर जब हजारों में पहुंच जाती है और विद्युत कम्पनी के अधिकारी-कर्मचारी जब बिल जमा न होने पर उनका कनेक्शन काटने पहुंच जाते हैं तब कहीं जाकर उपभोक्ताओं को पता लगता है। विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बिजली बिलों की ये शिकायतें जब विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक तक पहुंची तो उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए विद्युत अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई साथ ही अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखकर विद्युत उपभोक्ताओं की बिल सम्बन्धी शिकायतों के त्वरित निराकरण की मांग की। विधायक श्री पाठक की नाराजगी के बाद अब विद्युत वितरण कम्पनी के अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर गांव-गांव शिविर लगाकर विद्युत बिलों में सुधार किया जा रहा। कार्यपालन अभियंता द्वारा अलग अलग वितरण केंद्रों में आयोजित होने वाले शिविरों की तिथि वार जानकारी देते हुए उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे अपने विद्युत देयकों के भुगतान और



मीटर की रेडिंग प्रस्तुत कर देयक गलत होने पर उसमें सुधार या पुनरीक्षण करा सकते हैं। विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में शिविरों का यह आयोजन 13 अप्रैल से शुरू होकर 29 अप्रैल तक किया जायेगा। बिलों की गड़बड़ी के अलावा उपभोक्ता विद्युत सम्बन्धी आन्य शिकायतों का निराकरण भी शिविरों में करा सकते हैं। ये शिविर विजयराघवगढ़, कैमोर, बरही और खितौली वितरण केन्द्र के विभिन्न ग्रामों में आयोजित किये जा रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार विजयराघवगढ़ केंद्र के बंजारी में बरही केंद्र के पिपरिया कला और सिंगौड़ी में खितौली केंद्र के कुठिया महगवां में शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। विजयराघवगढ़ के देवराकला में भी आज 18 अप्रैल को शिविर का आयोजन किया गया था। अब गुडेहा में 21 अप्रैल को, बरहटा में 25 अप्रैल को तथा परसवारा में 28 अप्रैल को शिविर का आयोजन होगा। इसी प्रकार बरही के गैरतलाई में कल 19 अप्रैल को तथा उबरा में 24 अप्रैल को शिविर लगाया जायेगा। यहां पिपरिया कला और सिनगौड़ी में पहले ही शिविर लगाया जा चुका है। खितौली वितरण केंद्र के करेला में 20 अप्रैल को, बरन मोहगवां में 22 अप्रैल को तथा खितौली में 25 अप्रैल को शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार कैमोर के अंतर्गत खलवारा विद्युत वितरण केंद्र के खलवारा में 21 अप्रैल को, जुनवानी में 22 अप्रैल को, नन्हवारा में 28 अप्रैल और सलैया कौहरी में 29 अप्रैल को शिविर आयोजित होगा। उपभोक्ताओं से आग्रह है कि वे निर्धारित तिथि पर अपने वितरण केंद्र के उल्लेखित स्थान पर पहुंचकर अपने विद्युत देयकों का सुधार कराएं।

# भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष का पुतला दहन कर जताया आक्रोश

## रानी कमलापति पर अभद्र टिप्पणी का लगाया आरोप



**कटनी,यशभारत।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग की वीरांगना रानी कमलापति को एक अनजान महिला कहकर उनके नाम पर हबीबगंज स्टेशन का नामकरण किये जाने को हास्यास्पद बताया था। भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष की इस टिप्पणी को मातृशक्ति सहित अनुसूचित जाति वर्ग का अपमान करार देते हुए प्रदेश के सभी जिलों और तहसीलों में नेता प्रतिपक्ष का पुतला दहन किया। कैमोर नगर में भजपा मंडल और युवा मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस को महिला विरोधी और अनुसूचित जनजाति की विरोधी बताते हुये विरोध में जमकर नारेबाजी की। मंडल अध्यक्ष अंकुर ग्रोवर और युवा मोर्चा अध्यक्ष भवानी राजा मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस सिर्फनेहरू गांधी परिवार को जानती है। अन्य सेनानियों के प्रति कांग्रेस नेताओं के दिल में कोई सम्मान नहीं। विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति कांग्रेस की नजर में हमेशा उपेक्षित रही इसीलिए नेता प्रतिपक्ष जैसे गरिमामय पद पर होने के बावजूद वरिष्ठ नेता गोविंद सिंह रानी कमलापति जैसी वीरांगना पर भी अभद्र टिप्पणी करने से नही चूक रहे। भाजपा के इस धरना प्रदर्शन और पुतला दहन में मंडल अध्यक्ष अंकुर ग्रोवेर, युवा मोर्चा अध्यक्ष भवानी राजा मिश्रा, मंडल महामंत्री शिवम पांडेय, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता दहिया, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री राहुल ग्रोवर, नगर अध्यक्ष किशन अग्रवाल, भोले मिश्रा, प्रतीक केवट, शुभम त्रिपाठी आदि कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



# भाजपा राज में भ्रष्टाचार चरम पर, बड़वारा शासकीय दफ्तरों की लगने लगी है बोली : कांग्रेस

## बड़वारा भीमराव अंबेडकर जयंती पर गरजे कांग्रेस नेता

**कटनी,यशभारत।** भाजपा सरकार में इतना भ्रष्टाचार बढ़ गया है कि अब तो बड़वारा शासकीय दफ्तरों की बोली लग रही है नागरिक हैरान एवं परेशान है पुलिस थाना हो या जनपद हो भ्रष्टाचार का यह आलम है सब की कीमत लग रही है अब तो पटवारी आर आई विद्युत मंडल के अधिकारी मालामाल हो रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कहा कि कल नया सवेरा आने वाला है कमलनाथ मुख्यमंत्री बनने वाले हैं भ्रष्टाचार की सारी कमाई का लेखा जोखा आने वाली कमलनाथ जी की सरकार के सामने निकाला जाएगा इस अवसर पर बड़वारा विधायक बसंत सिंह ने कहा कि हमारी सरकार आते ही 500 का घरेलू गैस सिलेंडर दिया जाएगा एवं लाडली बहनों को पंद्रह 1500 प्रति माह दिया जाएगा। संविधान रचयिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी बड़वारा के नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष गया प्रसाद विश्वकर्मा के संयोजन मे रेस्ट हाउस बड़वारा में बड़वारा विधायक विजयराघवेंद्र सिंह बसंत भैया एवं जिला कांग्रेस कमेटी कटनी के जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान की गरिमामयी उपस्थिति मे ब्लाक कांग्रेस कमेटी बड़वारा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे सबसे पहले भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के तैल चित्र पर पुष्पाहार अर्पित किए गए। इस बैठक को मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करण सिंह चौहानए बड़वारा विधायक विजय राघवेंद्र सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील सिंह बघेल डॉक्टर राजेश सिंह चौहान, रवि अवस्थी सिलौंडी एवं बड़वारा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गया प्रसाद विश्वकर्मा संबोधित किया गया। बैठक का संचालन विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास निगम द्वारा किया गया।

# कांग्रेस संगठन को मजबूत करने ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा

## गुलाम जफर को कटनी जनपद की कमान

**कटनी,यशभारत।** जिले में कांग्रेस संगठन को चुस्त-दुरुस्त एवं गतिशील बनाने के लिए लगातार संगठन की नियुक्तियां हो रही है। इसी तारतम्य में कटनी जिले के



ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव सिंह ने की है जिसमें मुड़वारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य गुलाम जाफर की घोषणा की गई है ज्ञात है कि गुलाम जाफर पूर्व विधायक स्वर्गीय सिपपू भाई के पुत्र हैं इसी क्षेत्र से विधायक थे। इसी प्रकार बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के 'बहोरीबंद ब्लॉक अध्यक्ष पद पर संतोष पटेल लोधी व रीठी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर रतिराम यादव ग्राम मुड़पार एवं स्लीमनाबाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर जिला पंचायत सदस्य प्रदीप त्रिपाठी को दोबारा अध्यक्ष बनाया गया है। बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र में 2 नए उप ब्लॉक बनाए गए हैं जिसमें बाकल उप ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर मुकेश सराफ एवं बिलहरी उप ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर मनोज नायक' की नियुक्ति की गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कहा है आप सब वरिष्ठ कांग्रेसजनों को लेकर कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाएं साथ ही श्री चौहान ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ का आभार व्यक्त किया।



# संविधान निर्माता बाबा साहेब की जंयती पर समाजवादी पार्टी ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

**कटनी,यशभारत।** समाजवादी पार्टी जिला कटनी में संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती आदर्श कॉलोनी स्थित जिलाध्यक्ष पन्नालाल त्रिपाठी के कार्यालय में पं. रमेश मिश्रा के मुख अतिथि एवं पन्नालाल त्रिपाठी के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई कार्यक्रम में रामनरेश तिवारी प्रदेश महिला अध्यक्ष अनीता रंजन, अनिरूद्ध बजाज, राजकुमार बख्शी ने अम्बेडकर जी के फोटो पर माल्यापर्ण किया। पार्टी के सदस्यों में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष पन्नालाल त्रिपाठी के द्वारा अपने सम्बोधन में बताया कि बाबा साहेब अम्बेडकर के बताये गये रास्ते पर चलने हेतु देश के नागरिकों को संदेश दिया और कहां कि देश में समाजवादी की एक नई क्रांति आऐगी। कार्यक्रम पार्टी पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति रही जिसमें प्रमुख रूप से यू.पी.सिंह, सुशील कुशवाहा, हरि टीपा, राकेश चौदहा, बुधई कोल, दीपक बहरे, बैजनाथ कुशवाहा, जुवैद अहमद, संजय गौतम, रामदर्शन, बीना नामदेव, शिखा पाण्डेय, कैलाश गुप्ता, रविशंकर बाजपेयी, अन्सुल बहरे, राकेश कुमार सिंह, राकेश श्रीवास्तव, फूलचंद लोधी, इमाम भाई, रत्ना संमाता, मोहन राजधर, माहेश्वरी विश्वकर्मा आदि सदस्यों की उपस्थिति रहीं ।

# मुड़वारा स्टेशन के यात्री प्रतीक्षालय लाइसेंस धारक पर लगा अर्थदंड

## समाचार पर कलेक्टर ने लिया संज्ञान, रेलवे से कराई कार्यवाही

**कटनी,यशभारत।** कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन में यात्री प्रतीक्षालय का एसी बंद होने से यात्रियों को परेशानी होने और यात्रियों से शुल्क वसूले जाने की जानकारी संज्ञान में आने के बाद कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा इसकी त्वरित जांच व नियमानुसार कार्यवाही कराकर यात्रियों को राहत पहुंचाई गई है। साथ ही कलेक्टर के निर्देश पर प्रतीक्षालय के लाइसेंसी पर रेलवे द्वारा अर्थदंड भी लगाया गया है। कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन में प्रतीक्षालय का एसी बंद होने के बाद भी यात्रियों से शुल्क वसूले जाने की जानकारी मीडिया के माध्यम से कलेक्टर और जिला दंडाधिकारी श्री प्रसाद के संज्ञान में आने पर उनके द्वारा इसे गंभीरता से लिया गया। उन्होंने तत्काल इसकी जांच कर नियमानुसार कार्यवाही के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक नई कटनी जंक्शन पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल को निर्देशित किया। निर्देशों के परिपालन में क्षेत्रीय प्रबंधक नई कटनी जंक्शन पमरे द्वारा जांच कराई गई, जिसमें प्रतीक्षालय की सप्लाई फॉल्ट होने के कारण एसी बंद होने की जानकारी सामने आई। जिसके बाद इसे सेवा में कमी पाते हुए रेलवे द्वारा प्रतीक्षालय के लाइसेंसी पर नियमानुसार अर्थदंड लगाया गया है। साथ ही जब तक एसी कार्य नहीं करता तब तक यात्रियों से शुल्क न वसूले जाने निर्देशित किया है। कलेक्टर कटनी श्री प्रसाद के निर्देश पर रेलवे द्वारा की गई इस कार्यवाही से यात्रियों को राहत मिली है।



# अग्नि हादसे से पीड़ित 2 परिवारों को सहायता राशि स्वीकृत

## कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार ने जांच करा स्वीकृत की 40-40 हजार रूपए की सहायता राशि

**कटनी,यशभारत।** दो कच्चे मकानों में अज्ञात कारणों से आग लगने के कारण गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो जाने की घटना संज्ञान में आने पर कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा इसकी त्वरित जांच कर 24 घंटे के भीतर ही पीड़ित परिवारों के लिए सहायता राशि स्वीकृत की गई है। उल्लेखनीय है कि गत 11-12 अप्रैल की दरम्यानी रात रीठी तहसील अंतर्गत ग्राम बडगांव में संतोष कुशवाहा पिता सोनेलाल कुशवाहा और रामकृपाल पिता पन्नालाल कुशवाहा के कच्चे मकानों में आग लगने के कारण गृहस्थी का सामान खाक होने की जानकारी लगने पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा संबंधित तहसीलदार को जांच कराकर त्वरित सहायता राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। निर्देश के परिपालन में 24 घंटे के भीतर ही तहसीलदार रीठी द्वारा संबंधित हल्का पटवारी से जांच कराकर प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर आर्थिक सहायता हेतु प्रकरण तैयार किया गया। साथ ही पीड़ित परिवारों को 40-40 हजार रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।





# जन अभियान परिषद ने मनाई जयंती

## डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष और सफलता सभी के लिए प्रेरणादायी

**कटनी, यशभारत।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद रीठी जिला कटनी द्वारा आज बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के आयोजन रीठी जनपद पंचायत सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के चित्रपटल पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच संघ के अध्यक्ष नरेश राय सरपंच ग्राम पंचायत पटोहाँ प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। अतिथि उद्बोधन में उन्होंने अपने विचार साझा करते हुए बताया कि डॉ. आंबेडकर को भारतीय संविधान निर्माता के तौर पर जाना जाता है। उनकी भूमिका संविधान निर्माण में तो अतुल्य थी ही, साथ ही दलित समाज के उत्थान में भी महत्वपूर्ण रही। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 में मध्य प्रदेश के महू में एक गांव में हुआ था। उस दौर में उन्हें आर्थिक और सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ा। बेहद विषम परिस्थितियों में पढ़ाई करने वाले बाबा साहेब ने स्कूल में भी भेदभाव का सामना किया। डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष और सफलता की कहानी सभी के लिए प्रेरणा है। उनके विचार महिलाओं को पुरुषों के बराबर, अल्पसंख्यकों और गरीबों को अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने के लिए प्रेरित करते हैं। इसी क्रम में जनपद सदस्य रतिलाल रैदास द्वारा प्रेरणादायी उद्बोधन दिया गया। इसके पश्चात ग्राम पंचायत गोदाना के सरपंच मनोज चौधरी ने भी सभी को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ तेजसिंह केसवाल ने बाबा साहब के विषय मे अपने विचार रखे व जनअभियान परिषद द्वारा किये जा रहे कार्यों के संबंध में अवगत कराया। मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र से सत्यम चौधरी ने भी संबोधित किया। पूर्व जनपद सदस्य कौशल किशोर मांझी व पिपरिया परोहा के भूतपूर्व सरपंच विकास परोहा ने उद्बोधन दिया।इसी क्रम में विकासखण्ड समन्वयक अरविंद शाह ने भी अपने विचार रखते हुए छात्रों के द्वारा लाडली बहना योजना में किये जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों की सराहना की। इस कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के उमेश त्रिपाठी, मोहम्मद मुस्तकीम खान, सुरेंद्र पाठक, रीतेश रजक, कौशल किशोर एवं परामर्शदाता अरुण तिवारी, गोवर्धन रजक, शरद यादव, शारदा श्रीवास, शिवानी गुप्ता के साथ मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र/छात्राओं के साथ रीठी विकासखण्ड की स्वयंसेवी संगठनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन शरद यादव व आभार प्रदर्शन गोवर्धन रजक द्वारा किया गया।



Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW

Mittal MALL

Paytm

book my show

From 14th April 2023

Cineworldz Cinema Katni by CMW
Schedule for the week 14 to 20 April,2023

| Audi-01 | Show |
|---|---|
| Tu Jhoothi main Makkaar | 1.30.00 PM |
| Tu Jhoothi main Makkaar | 4.30.00 PM |
| Lakhi Muhinjo Lakhan Main Sindhi | 7.30.00 PM |
| Lakhi Muhinjo Lakhan Main Sindhi | 10.15.00 PM |
| **Audi-02** | **Show** |
| John Wick Chapter 4 2D Hindi | 1.00.00 PM |
| Bholaa 3D Hindi | 4.00.00 PM |
| Bholaa 2D Hindi | 7.00.00 PM |
| Bholaa 3D Hindi | 10.00.00 PM |
| **Audi-03** | **Show** |
| Bholaa 2D Hindi | 12.00.00 PM |
| Chipkali 2D Hindi | 2.45.00 PM |
| Chipkali 2D Hindi | 5.15.00 PM |
| Chipkali 2D Hindi | 7.30.00 PM |
| Chipkali 2D Hindi | 10.30.00 PM |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# ऋतिक शौकीन-नितीश राणा को महंगी पड़ी लड़ाई, अब चुकाने पड़ेंगे लाखों रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2023 में 16 अप्रैल, रविवार को मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मैच खेला गया. इस मैच में केकेआर के कप्तान नितीश राणा और मुंबई इंडियंस के ऑलराउंडर ऋतिक शौकीन के बीच तीखी बहस देखने को मिली. दोनों को ये लड़ाई मंहगी पड़ी. पहली पारी के नौवें ओवर के दौरान ऋतिक शौकीन और नितीश राणा आपस में भिड़ गए थे. इसके लिए दोनों पर फाइन लगा. वहीं, आईपीएल में पहली बार कप्तानी कर रहे सूर्यकुमार यादव पर भी इस मैच में फाइन लगा. सूर्या पर स्लो ओवर रेट चलते जुर्माना लगाया गया.



## नितीश राणा और ऋतिक शौकीन को महंगी पड़ी लड़ाई

दोनों के बीच हुई लड़ाई के चलते केकेआर के कप्तान नितीश राणा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत, वहीं मुंबई इंडियंस के ऑलराउंडर ऋतिक शौकीन पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगा. नितीश राणा और ऋतिक शौकीन के बारे में आईपीएल ने मीडिया एडवाइजरी जारी कर कहा, कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान नीतीश राणा पर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है. मीडिया एडवाइजरी में आगे कहा गया, राणा ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.21 के तहत लेवल 1 का अपराध स्वीकार कर लिया है मीडिया एडवाइजरी में ऋतिक शौकीन के बारे में कहा गया, मुंबई इंडियंस के गेंदबाज ऋतिक शौकीन पर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है. आगे कहा गया, शौकीन ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 का अपराध स्वीकार किया.

## डेब्यू मैच में सूर्यकुमार यादव पर भी लगा फाइन

सूर्या के बारे में आईपीएल की ओर से मीडिया एडवाइजरी जारी कर कहा गया, मुंबई इंडियंस के कप्तान सूर्यकुमार यादव पर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है. एडवाइजरी में आगे कहा गया, सूर्यकुमार यादव पर आईपीएल आचार संहिता के तहत सत्र का पहला अपराध था, इसलिए सूर्यकुमार यादव पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# जियो सिनेमा पर फ्री में आईपीएल मैच देखने के दिन जल्द होंगे खत्म, आ सकती है नई प्राइज लिस्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2023 की शुरुआत से पहले जियो ने अपने यूजर्स को बड़ा तोहफा दिया था. आईपीएल 16 जियो सिनेमा पर फी में लाइव स्ट्रीम हो रहा है. इस साल लोगों ने जियो सिनेमा पर व्यूवरशिप के कई रिकॉर्ड्स तोड़े. रिपोर्ट्स के मुताबिक, जियो जल्द ही फ्री सेवाएं बंद कर सकता है. बाकी ओटीटी एप की तरह जियो भी अपने यूजर्स से चार्ज लेगा. रिपोर्ट्स की माने तो प्लेटफॉर्म पर 100 से अधिक नई मूवीज और वेब सीरीज़ एड की जाएंगी. जियो बाकी एप ओटीटी एप के साथ मुकाबले के लिए ऐसा कर सकता है.




## क्या अब फ्री में नहीं देख पाएंगे आईपीएल?

आईपीएल 16 का फाइनल मैच 28 मई को खेला जाएगा. रिपोर्ट्स की माने तो जियो आईपीएल के फाइनल के बाद अपने यूजर्स से पैसे चार्ज करना शुरू करेगा. कंपनी के मीडिया और कंटेंट बिजनेस की अध्यक्ष ज्योति देशपांडे ने ब्लूमबर्ग को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि जियो सिनेमा अपने प्लेटफॉर्म पर 100 से अधिक फिल्मों और वेब सीरीज़ को जोड़ना का प्लान बना रहा है. अब देखना होगा कि जियो किस प्लान के साथ आता है. वहीं बाकी ओटीटी प्लेटफॉर्म को देखते हुए जियो किस प्राइज़ लिस्ट के साथ आएगा, ये देखना दिलचस्प होगा.

## क्या होगी प्राइज़ लिस्ट?

जियो सिनेमा अपने यूजर्स से कितना पैसा चार्ज करेगी, एप की प्राइज़ लिस्ट क्या होगी? अभी ये तय होना बाकी है. ज्योति देशपांडे ने अपने इंटरव्यू में बताया कि क्यों जियो की ओर से ऐसा करना की योजना बनाई जा रही है. ऐसा कंपनी के रेवेन्यू को बढ़ाने के लिए और भारतीय मार्केट में मौजूद प्लेटफॉर्म के साथ प्रतिस्पर्धा के लिए कर सकती है. अध्यक्ष ज्योति देशपांडे ने इस बात का भी खुलासा किया कि प्लेटफॉर्म पर नया कॉन्टेंट 28 मई से पहले ही उपलब्ध होगा. हालांकि अभी दर्शक फ्री मैच का लुत्फ ले पाएंगे।

# 24वीं कामरेड रामशंकर रजक रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 19 को

### मास्टर ब्लास्टर बनाम वैस्टलैंड क्लब के बीच होगा उद्घाटन मैच

**जबलपुर,यशभारत।** बुधवार 19 अप्रैल को ओलंपिक ग्राउंड खमरिया में शाम 6.30 बजे से 24वीं कामरेड रामशंकर रजक रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन होने जा रहा है। ओएफके लेबर यूनियन के पदाधिकारी मिस्टर सुरेश ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का पहला मैच मास्टर ब्लास्टर और वैस्टलैंड क्लब सीनियर के बीच बुधवार शाम 6.30 बजे से खेला जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि ओएफके के महाप्रबंधक अशोक कुमार, विशेष अतिथि विकास पुरवार उपस्थित रहेंगे। विदित हो कि यह प्रतियोगिता बीते 23 सालों से आयोजित की जा रही है। इच्छुक टीमें प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मुकुंद जनरल स्टोर ईस्टलैंड खमरिया से फॉर्म ले सकतीं हैं , यहां 18 अप्रैल की शाम 5.30 बजे तक फॉर्म जमा किए जाएंगे। इसके बाद फार्म स्वीकार नहीं होंगे।

# क्या बाबर आजम को उमर अकमल ने नहीं दिए थे जूते? पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज ने विवाद पर तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली, एजेंसी। बाबार आज़म मौजूदा वक्त में पाकिस्तान के कप्तान हैं. बाबर आज़म और पाकिस्तान के स्टार क्रिकेटर रहे चुके कामरान अकमल व उमर अकमल के चचेरे भाई हैं. कुछ वक्त पहले बाबार आज़म और उमर अकमल को लेकर विवाद सामने आया था, जिसमें बाबार आज़म ने दावा किया था कि उनके किसी चचेरे भाई ने उन्हें जूते देने के इंकार कर दिया था. इस पर उमर अकमल ने प्रतिक्रिया ज़ाहिर की थी. अब एक बार फिर उमर अकमल ने इस बात पर अपनी प्रतिक्रिया दी है. उमर ने कहा कि उन्होंने बाबार को जूते देने के लिए कभी इंकार नहीं किया था.**



## क्या था विवाद?

कुछ वक्त पहले बाबार आज़म ने एक इंटरव्यू में बताया था, मैंने अपने चचेरे भाई से जॉगर्स उधार देने के लिए कहा था, लेकिन उन्होंने ये कहते हुए इंकार कर दिया था कि उनके पास नहीं हैं. मुझे अहसास हुआ था कि मैंने कुछ ऐसा कहे दिया जो मुझे नहीं कहना चाहिए था. मुझे पहली बार में जूते नहीं मांगने चाहिए थे. बाबार आज़म की इस बात पर प्रतिक्रिया देते हुए उमर अकमल ने कहा था, मुझे नहीं पता कि हमारे किस चचेरे भाई ने बाबार आज़म को जूते देने से मना कर दिया था. हमने हमेशा उन रिश्तेदारों का समर्थन किया है जो क्रिकेट खेलना चहाते थे. मैंने कभी अनुरोध अस्वीकार नहीं किया है. जो लोग मेरे करीब हैं वो इस बात को बखूबी जानते हैं।

## अब तक ऐसा रहा बाबार आज़म का अंतर्राष्टीय सफर

2015 में ज़िम्बाब्व के खिलाफ अपना अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू करने वाले बाबर आज़म अब तक अपने इंटरनेशनल करियर में कुल 47 टेस्ट, 95 वनडे और 101 टी20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं. बाबार अब तक कुल 29 अंतर्राष्ट्रीय शतक जड़ चुके हैं.

# विकास दुबे एवं अभय भाटी बाक्सिंग के राष्ट्रीय निर्णायक बने

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर के विकास दुबे एवं अभय भाटी बाक्सिंग की राष्ट्रीय निर्णायक की परीक्षा पास कर राष्ट्रीय निर्णायक बन गए है। अब वे



आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दोनों रेफरशिप करेंगे। जयपुर में राष्ट्रीय रेफरशिप परीक्षा का आयोजन किया गया, जहाँ देश भर से 65 रेफरियों ने भाग लिया। अभय एवं विकास की सफलता पर म.प्र. बॉक्सिंग संघ से अध्यक्ष, संजय सेठ, सचिव दिग्विजय सिंह, टेक्निकल डायरेक्टर वीरेन्द्र सिंह ठाकुर एवं महापौर जगत बहादुर सिंह ( अन्नू ) एवं राकेश अयाची , संजय मिश्रा ,अजय सिंह ने बधाई दी।

# जे पी एल 23 क्रिकेट टूर्नामेंट, जबालीपुरम नगर ए टीम की शानदार जीत

**जबलपुर, यशभारत।** महाकोशल विंध्य रीजन द्वारा आयोजित जे पी एल 23 टूर्नामेंट में आज प्रथम मैच में जबालीपुरम टीम ने च्मेन सुपर 11ज्टीम पर शानदार जीत हासिल की। आज के मैच में मैन आफ द मैच योगेंद्र जैन, बेस्ट बॉलर विवेक जैन एवं बेस्ट बेट्समैन अक्षत जैन रहे। इसके बाद दूसरे मैच में च नगर एज्टीम ने ने संस्कारधानी टीम को 82 के मुकाबले 83 रन बनाकर 6 विकेट से हराया .जे पी एल 23 टूर्नामेंट के तीसरे दिन कुल 5 लीग मैच होना है, जिसमें सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों का फैसला हो जाएगा ।




# स्व. त्रिपाठी डे नाइट टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा24से

**जबलपुर, यशभारत।** ओएफके सुरक्षा कर्मचारी यूनियन, इंटक के तत्वावधान में स्वर्गीय आर एस त्रिपाठी डे नाइट टेनिस बाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, यूनियन के महामंत्री आनंद शर्मा ने बताया की यह प्रतियोगिता का 14 वां आयोजन है।इस वर्ष टूर्नामेंट में कई बदलाव किए गए है। टूर्नामेंट दो हिस्सों में होगा,एक ओपन टूर्नामेंट जिसमे शहर की कोई भी टीम भाग ले सकती हैं ।जिसमें विजेता को 51 हजार एवम् उपविजेता को 21 हजार रुपए नकद पुरस्कार दिया जाएगा।दूसरे चरणमें निर्माणी के अनुभागों की टीमें भाग ले सकेंगी, टूर्नामेंट के संयोजक हृदेश यादव ने बताया की हर मैच में मैन ऑफ द मैच, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर, एवम् अन्य आकर्षक पुरस्कार भी दिये जाएंगे।



# विक्रम का पैर काटने की आ गई थी नौबत, 23 सर्जरी के बाद डॉक्टरों ने किसी तरह बचाया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ के सुपरस्टार एक्टर और 'अपरिचित' से हिंदी फैंस के बीच पॉपुलर चियान विक्रम की पॉपुलैरिटी सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दुनियाभर में है. चियान आज यानी 17 अप्रैल को अपना 57वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रहे हैं. बर्थडे के मौक पर सोशल मीडिया पर फैंस और सेलेब्स उन्हें बधाई संदेश भेज रहे हैं. हाल ही में चियान 'पोन्नियिन सेलवन- 1' में नजर आए थे लेकिन जल्दी ही इसका पार्ट 2 यानी 'पोन्नियिन सेलवन- 2' सिनेमाघरों में रिलीज होने वाला है. इसके साथ ही 'चियान 61' उनका अगला धमाकेदार प्रोजेक्ट हो सकता है. विक्रम की फिल्में सिर्फ साउथ में ही नहीं बल्कि उत्तर भारत में भी बड़े प्यार से देखी जाती हैं.

## चियान व्रिकम का असली नाम

अन्नियन (अपरिचित), सामी, आई, इरु मुरुगन, जैसी उनकी कई फिल्में हैं, जिन्हें हिंदी बेल्ड ऑडियंस ने खूब पसंद किया. 'पोन्नियिन सेलवन ढ्' में मुख्य भूमिका निभाने वाले चियान विक्रम अपने किरदार को निभाने के लिए पूरी जान लगा देते हैं. उनके डेडिकेशन और हार्डवर्क की तारीफ तो फिल्म क्रिटिक्स भी करते हैं. विक्रम का जन्म 17 अप्रैल, 1966 को तमिलनाडु में हुआ था. उनके पिता क्रिश्चियन थे और मां हिंदू धर्म से ताल्लुक रखती थीं. एक्टर का असली नाम कैनेडी जॉन विक्टर है, लेकिन फैंस के बीच उन्हें चियान विक्रम के नाम से पॉपुलैरिटी मिली.

## पिता नहीं चाहते थे बेटा बने एक्टर

पिता की तरह ही विक्रम का दिल भी फिल्मों में एक्टिंग के लिए धड़कन लगा, वो स्कूल के भी बहुत सारे प्ले में भाग लेते रहते थे. हालांकि विक्रम के पिता को ये मंजूर नहीं था कि वो फिल्मों में अपना करियर बनाएं क्योंकि उनके पिता ने फिल्मों में आने के लिए काफी स्ट्रगल किया था, बावजूद इसके वो इंडस्ट्री में अपनी कोई खास जगह नहीं बना पाए थे. लेकिन विक्रम का मन किसी और काम में नहीं लगता था, स्कूल के बाद कॉलेज के नाटकों में भी वो भाग लेने लगे. कॉलेज के दिनों में ही विक्रम का बाइक से एक खतरनाक एक्सीडेंट हो गया था, जिसमें वो बाल-बाल बचे थे.

## पैर काटने की आ गई थी नौबत

दरअसल, विक्रम को पीछे से आ रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसकी वजह से उनका पैर बुरी तरह जख्मी हो गया. एक समय पर उनका पैर काटने तक की भी नौबत आ गई थी. हालांकि उनके माता-पिता के दुआओं का ही असर था, जो डॉक्टरों ने 23 सर्जरी के बाद उनके पैर को कटने से बचा लिया. पैर की चोट की वजह से कई सालों तक विक्रम को चलने में भी दिक्कत हुई. 1988 के आस-पास जब विक्रम ठीक हुए तो उन्होंने एड फिल्मों में काम करना शुरू किया. विक्रम ने 1990 में अपना पहला एक्टिंग डेब्यू किया. हालांकि वो फिल्म कुछ खास नहीं चल सकी. उनका ये ट्रगल 10 सालों तक चला. 1999 में आई फिल्म 'सेतु' से उनका करियर चमका और वो चमक आज भी जारी है।

# शाहरुख खान को नहीं पसंद था लुंगी डांस, गुस्से में अलग से रिलीज करना चाहते थे हनी सिंह

**नई दिल्ल, एजेंसी।** बॉलीवुड के मशूहर रैपर और सिंगर यो-यो हनी सिंह का नया गाना रिलीज़ हुआ है. उसे प्रोमोट करने के लिए हनी सिंह इंटरव्यूज़ दे रहे हैं. ऐसे ही एक इंटरव्यू में उन्होंने शाहरुख खान के बारे में बात की है और उनके लिए बनाए गाने 'लुंगी डांस' से जुड़ा किस्सा बताया है जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है. 'लुंगी डांस' गाना तो आपने सुना ही है और इसपर जंकर नाचा भी होगा. ऐसे में अब 'लुंगी डांस' सॉन्ग को लेकर हनी सिंह ने पूरी कहानी बताई है कि कैसे उन्होंने न सिर्फ इसे गाया था बल्कि कम्पोज भी किया था और इसके जरिए दिग्गज एक्टर रजनिकांत को ट्रिब्यूट दिया था. हालांकि ये गाना शुरूआत में किंग खान को नहीं भाया था।



## लुंगी डांस शाहरूख को पसंद नहीं आया

हाल ही में म्यूजिक कंपोजर और रैपर यो यो हनी सिंह ने ई टाइम्स को एक इंटरव्यू दिया है. जिसमें हनी सिंह से सुपरस्टार शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'चेन्नई एक्सप्रेस' के 'लुंगी डास' गाने को लेकर सवाल पूछा गया. इस पर यो यो हनी सिंह ने बताया 'बॉलीवुड के लिए म्यूजिक तैयार करने में मुझे हमेशा से परेशानी होती रही है. जब शाहरुख भाई ने मुझे चेन्नई एक्सप्रेस के लिए एक सॉन्ग क्रिएट करने के लिए बुलाया तो उनकी मांग अंगरेजी बीट जैसे गाने की थी. मैंने उनसे पूछा क्यों, इस पर उन्होंने बताया कि वो गाना काफी हिट हुआ था. मैंने कहा कि मैं ऐसा गाना नहीं बनाऊंगा, लेकिन ऐसा नंबर बनाउंगा, जिसमें उनकी रियल वाइब हो. मैंने लुंगी डांस तैयार किया और उनको यह पसंद नहीं आया।

## तीन हफ्तों बाद लिया था फैसला- हनी सिंह


यो यो हनी सिंह ने आगे बताया कि शाहरुख खान ने तीन हफ्ते सिर्फ ये डिसाइड करने में लगा दिए कि वो ये गाना अपनी फिल्म में रखें या न रखें. हनी सिंह ने कहा कि बॉलीवुड में वो मजा फिर खत्म हो जाता है क्योंकि इतनी लिमिट ही नहीं मिलती. सिर्फ अक्षय कुमार हैं जो लिबर्टी देते हैं कि भाई तू कुछ भी बना, जो पसंद आएगा मुझे. मैं वो लूंगा, बाकी लोग बहुत ज्यादा लिमिटेशन्स दे देते हैं. ऐसे में उनका इस साल भी बॉलीवुड पर फोकस नहीं है. अगले साल भी नहीं देखेंगा. सिर्फ बॉलीवुड इसलिए करेंगे क्योंकि उनके कुछ के साथ रिलेशन्स हैं।

## लुंगी डांस रजनी सर के लिए- शाहरूख खान

एक बार पीटीआई से बात करते हुए, शाहरुख खान ने इस गाने की तारीफ की थी. कहा था, 'मुझे यह सॉन्ग रजनी सर के लिए बहुत सही लगा और मैं उस महान एक्टर का एक फैन होने के नाते इसका हिस्सा बनना चाहता था. मेरी रिक्वेस्ट पर दीपिका इस गाने का हिस्सा बनने के लिए खुशी-खुशी तैयार हो गई थी क्योंकि वह भी रजनी सर की बहुत बड़ी फैन है. गाना मजेदार, खुशनुमा और पूरी तरह से रजनीकांत स्टाइल का था।

# जब सलमान खान को नहीं पसंद आई थी कैटरीना की छोटी ड्रेस, कहा जाओ चेंज करके आओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फैमिली एंटरटेनर 'किसी का भाई किसी की जान' लेकर सलमान खान एक बार फिर से आ रहे हैं और फिल्म की पूरी स्टार कास्ट जमकर इसका प्रमोशन कर रही है. इसी दौरन सलमान खान को लेकर फिल्म की को-स्टार और श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी ने कहा था कि सलमान खान अपने सेट पर महिलाओं को अच्छे कपड़े पहनने की सलाह देते हैं. पलक तिवारी ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया कि, सलमान खान ने महिलाओं के लिए फिल्मों के सेट पर कपड़े पहनने को लेकर कुछ सख्त नियम बनाए हुए हैं। सभी महिलाओं को कवर्ड कपड़े पहनने होंगे. इसी बीच में अब सलमान का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वो कैटरीना के कपड़ों पर कमेंट करते हुए नजर आ रहे हैं. हाल ही में पलक तिवारी ने अपने इंटरव्यू में बताया था कि सलमान खान जहां पर शूटिंग कर रहे हैं और उनके सेट पर लड़कियां ज्यादा कट वाली ड्रेस नहीं पहन सकती. इस बीच



सलमान खान की एक वीडियो तेजी से वायरल हो रही है। जिसमें उन्होंने कैटरीना कैफ को ड्रेस बदलने का निर्देश दिया था. दरअसल, ये उस वक्त की बात है जब सलमान खान पर आरोप लगा था कि ड्रेस की वजह से उन्होंने कैटरीना कैफ को थप्पड़ जड़ा था. ये वीडियो रजत शर्मा की अदालत का है जो अब reddit पर वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो दरअसल, रजत शर्मा के शो आप की अदालत का है, जिसमें वह पूछते हैं कि सलमान और कैटरीना शूटिंग कर रहे थे. कैटरीना वैन से उतरीं उन्होंने जो कपड़े पहने हुए थे उसे देखकर आपको गुस्सा आ गया. इस पर सलमान खान कहते हैं 'छोटे तो थे, लेकिन फिटिंग खराब थी और कलर कॉम्बिनेशन थोड़ा सा खराब था. यह होता है कैटरीना मुझे भी बोलतीं हैं कि यह अच्छा नहीं लग रहा है. इसे बदलो, तो उस वक्त मुझे ऐसा चांस मिल गया था कि यह अच्छा नहीं लग रहा है जाओ इसे बदलो. ऐसा नहीं था कि कपड़े छोटे वगैरह थे।

## जबलपुर में मिला कुठला से लापता किशोर

**कटनी, यशभारत।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत कुठला पुलिस ने थाना क्षेत्र से एक लापता किशोर की तलाश की है। सीसीटीवी कैमरों की मदद से बच्चे तक पहुंचे और सुरक्षित कटनी लाकर परिजनों को सौंपा है। बच्चे को पाते ही अभिभावकों ने गले से लगा लिया और उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उक्त अभियान पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन में कुठला थाना प्रभारी अरविंद जैन ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत चलाया। थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि 16 अप्रैल को सुबह करीब 9 बजे इंदिरा नगर से सब्जी मंडी के लिए निकला नाबालिग बालक लापता हो गया था। परिवार जन ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी अरविंद जैन ने एसपी अभिजीत रंजन को घटना की जानकारी दी। मामले में तत्परता पूर्वक बालक की तलाश के लिए टीमें लगाई गई। पुलिस ने त्वरित रूप से नगर के अनेकों सीसीटीवी कैमरे, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड को चेक किए। उनसे मिले सूत्र के आधार पर सोशल मीडिया से सहारा लेकर बच्चों की पतासाजी की गई। कुठला थाना से पुलिस टीम सहायक उपनिरीक्षक प्रहलाद पैकरा और प्रधान आरक्षक नंदकिशोर अहिरवार ने गुमशुदा नाबालिग को जबलपुर से दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है।

# अब भी आबाद हैं अहाते

**कटनी,यशभारत।** मध्य प्रदेश में एक अप्रैल से शराब के अहाते बंद होने की घोषणा के बावजूद कई स्थानों पर अब भी अहाते संचालित हो रहे हैं। अकेले कटनी जिले में बड़ी तादात में शराब के अहाते हैं, जो घोषणा के बावजूद आबाद हैं। अहाते बंद होने की घोषणा से शराब के शौकीनों के लिए अब घर या बाहर बस दो ही ऐसे स्थान रहेंगे, जहां पर वे मदिरापान कर सकेंगे। इन दोनों स्थानों के अलावा यदि किसी ने कहीं पर शराब पार्टी करने की कोशिश की तो शिवराज सरकार की पुलिस डंडे से उसका स्वागत करेगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उज्जैन में नववर्ष के अवसर पर मंच से ऐलान किया था कि शिवराज सरकार आगे भी शराब और नशा मुक्ति के लिए लगातार अभियान चलाती रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार शराब के अहाते बंद करने जा रही है। इसके बाद यदि शराबी सड़क पर शराब पीते हुए दिखाई दिए तो उन्हें डंडे पड़ेंगे। इसके अलावा कानूनी कार्रवाई अलग से की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कड़े शब्दों में कहा कि जो नियम बनाए गए हैं, उनका सख्ती से पालन कराया जाएगा और नियम सभी के लिए बराबर रहेंगे।

**एक अप्रैल से बंद होना थी मदिरापान की यह व्यवस्था**

### सस्ता नशा करने वालों को करनी पड़ेगी जेब ढीली

शराब के आहते पर कम कीमत चुका कर लोग नशा कर लेते थे, लेकिन अब अहाते बंद होने के बाद शराब के शौकीनों को बीयर बार में अधिक राशि चुकानी पड़ेगी। सरकार का यह बड़ा कदम भी लोगों को शराब से दूर करने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।आम तौर पर शराब गरीबों की रसोई का बजट भी बिगाड़ देती है। गरीब लोग दिन भर की मेहनत की कमाई को शराब की दुकान पर उड़ा देते हैं। अहाते बंद करना मध्य प्रदेश में शराबबंदी की ओर बड़ा कदम भी बताया जा रहा है।

### महिला वोट बैंक का आकर्षण बढ़ेगा

प्रदेश में शराबबंदी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती लगातार आंदोलन कर रही थीं। इसी कड़ी में सरकार ने अहाते बंद कर पूर्व मुख्यमंत्री के आंदोलन को सफल करने की दिशा में कदम उठाया है। यह भी माना जा रहा है कि अहाते बंद होने के बाद मध्य प्रदेश की महिला वोट बैंक का बीजेपी की ओर आकर्षण अधिक बढ़ जाएगा। सरकार ने इस बार लाडली बहना योजना के जरिए भी महिलाओं को अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयास किया हैण् लेकिन सरकार की नई आबकारी नीति भी गांव गांव में लोगों के बीच शराबबंदी को लेकर उठाए गए कदम का हिस्सा मानकर चर्चा का विषय बनी हुई है।

## शहडोल से कटनी आ रही बस पलटी

### राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर दुर्घटना, 5 यात्री घायल

**कटनी, यशभारत।** शहडोल से कटनी आ रही आकाश बस सर्विस की निजी यात्री बस बीच रास्ते में अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके कारण बस का चालक, कंडक्टर सहित लगभग आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आकाश बस सर्विस की निजी यात्री बस क्रमांक एम.पी.18पी-0306 रोज की तरह सोमवार की शाम शहडोल से सवारियां लेकर कटनी के लिए रवाना हुई। इसी दौरान कटनी-शहडोल राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर लोढ़ा के पास तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके कारण बस का चालक व कंडक्टर सहित लगभग आधा दर्जन सवारियां घायल हो गई। सभी घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। घायलों में बस कंडक्टर अशोक मिश्रा, बस चालक रसीद खान, प्रकाश शुक्ला, धान सिंह और गिरी सोनी शामिल हैं।




## पति-पत्नी ने खाया जहर, पत्नी की मौत

### बड़वारा थाना क्षेत्र की घटना, पति गंभीर

**कटनी, यशभारत।** बड़वारा थाना अंतर्गत में पति-पत्नी ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की है। घटना मंगलवार सुबह बड़वारा थाना क्षेत्र की है। पुलिस पर प्रताडना का आरोप लगाते हुए दोनों ने जहर खा लिया। गंभीर हालत में उन्हें एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां आज सुबह महिला ने दम तोड़ दिया। वहीं पति की हालत गंभीर बनी हुई है। परिवार का आरोप है कि घर में चोरी हुई थी। पुलिस आरोपियों को पकड़ने की जगह पीड़ितों को ही प्रताड़ित कर रही है। बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। प्रताड़ना की बात गलत है।

## ओवर लोड वाहनों से वसूला 66 हजार रूपए जुर्माना

### एसपी के निर्देश पर विजयराघवगढ़ पुलिस की कार्रवाई

**कटनी, यशभारत।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने विजयराघवगढ़ और कैमोर थानों का निरीक्षण करते हुए यातायात नियमों को ताक पर रखने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया था। परिपालन में एसडीओपी उमराव सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल पुलिस बल को साथ लेकर लगातार नगर परिषद क्षेत्र के व्यापारियों को समझाइश के बाद अब चालानी कार्रवाई भी शुरू की गई है। थाना प्रभारी ने टीम के साथ विजयराघवगढ़-कटनी मुख्य मार्ग पर कार्रवाई की। तीन हाइवा गिट्टी के ओवर लोड एवं एक हाइवा मुरुम का ओवर लोड रोककर कर कार्यवाही करते हुए दो हाइवा से 17-17 हजार रुपए एवं दो हाइवा पर 16-16 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया गया है। चारों वाहनों पर 66 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। उक्त चालानी कार्रवाई में थाना प्रभारी विजय बघेल सहित उपनिरीक्षक विनोद सिंह, प्रधान आरक्षक कमलेश बैरागी, सोमनाथ शर्मा, पप्पू प्रजापति की भूमिका रही।

# परीक्षा देकर घर लौट रहे छात्र पर हमला

### कोतवाली के पीछे घटना, मामला दर्ज नहीं

**कटनी, यशभारत।** स्कूल से परीक्षा देकर घर लौट रहे एक छात्र पर कोतवाली के पीछे हमला कर घायल करने की घटना प्रकाश में आई है। छात्र पर सोमवार की शाम अज्ञात युवकों ने कोतवाली थाना के पीछे हमला कर दिया। छात्र कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षा देकर वापस घर लौट रहा है। हमले में छात्र के सिर पर चोटें आई, जिसे उपचार के लिए मौके पर मौजूद अन्य छात्रों ने जिला अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान सूचना पाकर कोतवाली का बल भी अस्पताल पहुंचा। घटना में छात्र के सिर पर चोटें आने के कारण डॉक्टर ने चार से पांच टांके लगाए। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को छात्र शहर स्थित एक स्कूल में कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षा का अंतिम पेपर देना पहुंचा था। यहां से छुट्टी होने के बाद जब छात्र कोतवाली थाना के पीछे पहुंचा तो पहले से यहां मौजूद एक दर्जन से अधिक युवकों व छात्रों ने उसके साथ मारपीट कर दी। घटना में छात्र के सिर पर पीछे की तरफ चोट लगने से खून बहने लगा, जिससे अन्य युवक भाग निकले। मौके पर मौजूद घायल छात्र के सहपाठियों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान सूचना पाकर पुलिस पहुंची और छात्र का उपचार कराया। हालांकि कोतवाली पुलिस ने घटना में एफआइआर दर्ज नहीं की है। छात्र पर हमला किसने और क्यों कियाए यह अबतक सामने नहीं आया है।



**इनका कहना है**

अस्पताल से छात्र के घायल होने संबंधी रिपोर्ट प्राप्त हुई है। डॉक्टर की रिपोर्ट में छात्र के घायल होने का कारण कढ़े से चोट लगना बताया गया है। पीड़ित छात्र व अन्य छात्रों के बयान अब तक दर्ज नहीं हो सके है। घटना की जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे कैमरों की जांच की जाएगी और घटना में शामिल लोगों को पकड़ा जाएगा।






# जबलपुर की बजाय रीवा से चलेगी वंदे भारत ट्रेन

### शहरवासियों को मिलेगा लाभ, चार दिन जबलपुर व तीन दिन सागर होकर चलाने का प्रस्ताव तैयार

**कटनी, यशभारत।** मध्य प्रदेश की दूसरी तथा पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अब रीवा से भोपाल या इंदौर के बीच कटनी होकर चलाई जाएगी। सर्वसुविधायुक्त इस नई ट्रेन की समय सारणी तो अभी तक घोषित नहीं की गई लकिन यह ट्रेन चार दिन जबलपुर, इटारसी होकर तथा तीन दिन कटनी, दमोह, सागर बीना होकर चल सकती है। रेलसूत्रों की माने तो 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री रीवा रेलवे स्टेशन से ट्रेन को हरिझंडी दिखाकर रवाना करेंगे। कुल मिलाकर शहरवासियों को इस नई ट्रेन का लाभ जरूर मिलेगा। वंदे भारत ट्रेन को चलाने की तैयारियां रीवा में तेज हो गई हैं। वंदेभारत ट्रेन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के बाद जबलपुर से विशेषज्ञों की टीम रीवा पहुंची और संभावनाओं का पता लगाया। वंदेभारत ट्रेन अभी देश के चुनिंदा रूट पर चल रही है। रीवा और सतना में इसकी मांग बीते कई माह से की जा रही है। रेलवे की सबसे आधुनिक और तेज रफ्तार से चलने वाली वंदे भारत ट्रेन जल्द ही रीवा-सतना से भोपाल के बीच चलाए जाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके बाद रेलवे बोर्ड और पीएमओ के पास भेजी जाएगी। वहां से मंजूरी मिलने के बाद ट्रेन पटरी पर दौड़ने लगेगी। वंदे भारत ट्रेन रीवा, सतना व कटनी से चलाए जाने से रेवांचल सुपरफास्ट में लगातार चल रही लंबी वेटिंग से लोगों को राहत मिलेगी। साथ ही नर्मदा एक्सप्रेस सहित दूसरी ट्रेनों में भी यात्री दबाव कम होगा।

### रेलवे को रूट तय करने में आ रही परेशानी

रेलवे की सबसे आधुनिक और तेज रफ्तार ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस को चलाने की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। अभी इस ट्रेन का रूट तय नहीं किया गया है, जिस वजह से इन रैकों के आने में देरी हो रही है। हालांकि ट्रेन के आधुनिक कोचों के मेंटेनेंस के लिए रीवा स्टेशन पर कोचिंग डिपो बनाया जाएगा। जिसके लिए जगह और इससे जुड़ी तैयारी अंतिम चरण में है। जल्द ही यहां पर कोचिंग डिपो बनाने का काम भी शुरू हो जाएगा। वंदे भारत एक्सप्रेस के एक रैक में 11 कोच हैं। सभी कोच चेयरकार हैं यानी कोच में चेयर हैं, जिसमें बैठकर यात्री को अपना सफर तय करना होगा।

### रीवा में बनेगा कोचिंग डिपो

पश्चिम मध्य रेलवे के तीन मंडल जबलपुर, भोपाल और कोटा को तीन वंदे भारत एक्सप्रेस के रैक मिलने हैं। रैक आने से पहले इनके मेंटनेंस के लिए तीनों मंडल में कोचिंग डिपो बनाने के लिए तीन स्टेशनों का चयन कर लिया गया है। जबलपुर रेल मंडल में जहां रीवा स्टेशन को चुना गया है तो वहीं भोपाल मंडल में कमलापति स्टेशन और कोटा मंडल में कोटा स्टेशन के पास कोचिंग डिपो बनाया जाएगा। यहां पर वंदे भारत के आधुनिक कोचों की सफाई से लेकर मेंटेनेंस को काम होगा। इसके लिए कोचिंग डिपो के अधिकारी और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाना।



### आरामदायक रहेगा सफर

रेलवे से जुड़े जानकार बताते हैं कि वंदे भारत एक्सप्रेस के रैक में 11 कोच हैं जो सभी चेयरकार हैं। इस वजह से ट्रेन में सफर करने वाले यात्री को पूरा सफर बैठकर ही तय करना होगा। इस वजह से रेलवे इस ट्रेन को ऐसे रूट पर चलाना चाहता है। जिसका सफर कम से अधिकतम सात से आठ घंटे का हो। सूत्रों की माने तो इतने समय में जबलपुर से निजामुद्दीन पहुंचना मुश्किल है। हालांकि इस समय अंतराल में कटनी या रीवा स्टेशन से निजामुद्दीन पहुंच जा सकता है। यही वजह है कि इस ट्रेन के कोच मेंटनेंस के लिए रीवा स्टेशन का चयन किया गया है। हालांकि रेलवे अभी ट्रेन के रूट बताने से बच रहा है।

### ऐसे हैं इस ट्रेन के कोच

-रेलवे द्वारा भारत में तैयार की गई वंदेभारत ट्रेन के कोच सुरक्षित और सर्वसुविधा से युक्त हैं।
-रैक में 11 कोच हैंए जिसमें स्वचलित दरवाजे हैं जो स्टेशन आने पर ही खुलते हैं।
-रैक में लगी कुर्सी आरामदायक है और यह रैक पूरी तरह से वार्तानुकूलित है।
-इन रैक में यात्रियों के लिए पीने के पीने से लेकर खाने तक की व्यवस्था रखी है।
-कोच में कैमरे लगे हैंए जिससे सफर और सुरक्षित बन जाता है।
-रैक के दोनों ओर इंजन है, जिससे इसमें इंजन नहीं बदलना पड़ता।


































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)